बालाघाट एक्सप्रेस

PMG

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 22 जनवरी 2024
पौष शुक्ल 10 विक्रम संवत 2080
वर्ष 15, अंक 122
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

रामलला के दर्शन करना है तो कराएं रजिस्ट्रेशन

अयोध्या। सभी लोग प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रामलला के दर्शन करना चाह रहे हैं। ऐसे में 22 जनवरी के बाद सभी लोग अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना जरुरी है, तभी रामलला के दर्शन संभव हो सकेंगे। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आम श्रद्धालु मंगलवार से ऑनलाइन पास बुकिंग करवाकर दर्शन करने जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन बुकिंग के दिन पास स्लॉट की उपलब्धता पर निर्भर रहेगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को आरती के समय से आधा घंटे पहले श्रीराम जन्मभूमि स्थित कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। ऑनलाइन पास के साथ ही एक वैध सरकारी पहचान पत्र लाना भी अनिवार्य होगा। वैसे तो राम लला की आरती पांच बार होती है, लेकिन भक्तगण तीन बार ही आरती में शामिल हो सकते हैं। रामलला के दर्शन के लिए ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन टिकट भी बुक करना होगा।

आरती का निर्धारित कार्यक्रम अनुसार, जागरण/श्रृंगार आरती - सुबह 6:30 बजे होगी जबकि भोग आरती - दोपहर 12 बजे एवं संध्या आरती - शाम 7:30 बजे की जाएगी। रामलला दर्शन के लिए जो समय निर्धारित किया गया है उसके अनुसार दर्शन का समय- सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक और दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगा। गौरतलब है कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पूरे समारोह का डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज

श्रीनगर। कश्मीर में शुष्क और शीत लहर की स्थिति रविवार को भी बनी रही। घाटी में ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि श्रीनगर शहर का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग अनुसार दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड और उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस पारा नीचे रहा, कोकेरनाग शहर में शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में शून्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान दर्ज किया गया है। अधिकारियों की मानें तो श्रीनगर में दिन का तापमान सामान्य से आठ डिग्री अधिक रहा है। रात का तापमान और गिरने का अनुमान है।

22 जनवरी को राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया

अररिया। बिहार के अररिया जिले में पुलिस को फोन कर 22 जनवरी को राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले 21 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अररिया के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी इंतेखाब आलम को शनिवार की देर रात पलासी थानाक्षेत्र के बलुआ कलियागंज गांव में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने 19 जनवरी को 112 नंबर पर डायल कर कहा था कि उसका नाम छोटा शकील है और वह दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, आरोपी ने फोन पर यह भी कहा था कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर को उड़ा देगा।

प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हुआ गर्भगृह

रामलला की पुरानी मूर्ति के दर्शन पर रोक

नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ?लिए लगातार अनुष्ठान चल रहे हैं। यहां पर गर्भगृह अब पूरी तरह से तैयार हो गया है, अब बस यहां रामलला की प्र?तिमा ?विराजमान होने वाली है। बता दें ?कि यह अनुष्ठान कल यानी 22 जनवरी को होना है।

जानकारी के अनुसार निर्धारित प्राण प्रतिष्ठा से 48 घंटे से भी कम समय पहले रामलला की 51 इंच की मूर्ति के आसपास अनुष्ठानों की एक विस्तृत और लंबी प्र?क्रिया शनिवार को पूरी की गई। मी ?डिया में आई रिपोर्ट के अनुसार अनुष्ठान में शामिल सूत्रों ने बताया कि नई मूर्ति की आंखें, जो अभी भी कपड़े से ढकी हुई हैं अलग-अलग 'अधिवास' अनुष्ठानों से गुजरीं। इसमें पूरे फ्रेम को तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कोलकाता सहित देश भर के स्थानों से लाए गए विभिन्न फूलों से लपेटा गया था। लगभग 50 किलोग्राम वजन के इन फूलों में कमल, गुलाब, चमेली और गुलदाउदी शामिल हैं। लगभग तीन घंटे तक चले 'न्यास' नामक एक अनुष्ठान के दौरान गर्भगृह को 81 'कलश' या कलशों के पानी से भी धोया गया। यह पानी बिहार और नेपाल के सीतामढ़ी सहित देश भर के कई धार्मिक स्थानों और नदियों से लाया गया था। बता दें ?कि नेपाल के सीतामढ़ी में माता सीता का जन्मस्थान माना जाता है।

कुछ कलशों में 'गौमूत्र के साथ औषधीय जल' और चयनित फलों के रस भी श?मिल थे। यहां सोमवार के लिए मंच तैयार करते हुए, 'रामलला विराजमान' यानी अस्थायी मंदिर में पुरानी मूर्ति के दर्शन को रोक दिया गया। अस्थायी मंदिर में राम लला के पुजारी सत्येन्द्र दास ने कहा कि इसे रविवार शाम को गर्भगृह में ले जाया जाएगा और नई मूर्ति के साथ इसके

दर्शन 23 जनवरी से फिर से शुरू होंगे। रविवार से पहले अनुष्ठानों में 'शकराधिवास', 'फलाधिवास' और 'पुष्पाधिवास' शामिल था। इन अनुष्ठानों में मूर्ति को चीनी और मिठाई अर्पित की जाती है, फिर फल और फूलों के साथ समाप्त होता है। इसके पहले शुक्रवार से शुरू हुआ हवन मंदिर स्थल से लगभग 100 मीटर दूर मंडप के आसपास शाम तक

सीजेआई गोगोई नहीं बनेंगे रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के सहभागी

नई दिल्ली। तत्कालीन संविधान पीठ के जस्टिस भूषण अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी बनेंगे। गौरतलब है कि राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ करने वाली सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का हिस्सा रहे जजों में से एक ही जज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। हालांकि तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली इस बेंच में शामिल चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसए बोबडे, अशोक भूषण और एस अब्दुल नज़ीर को भी 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राजकीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इनमें से केवल एक ही न्यायाधीश इस समारोह में शामिल होंगे। मीडिया में आई खबर के मुताबिक, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, पूर्व सीजेआई गोगोई और एसए बोबडे के अलावा जस्टिस नजीर विभिन्न कारणों से सोमवार को होने वाले 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होंगे। इनमें से केवल जस्टिस भूषण ही इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए जस्टिस गोगोई अपने एपीएलएडी फंड से निर्वाचन क्षेत्रों में की जा रही कल्याणकारी परियोजनाओं का जायजा लेने के अलावा, कई अनाथालयों, गैर सरकारी संगठनों की मदद करने और असम में अपनी मां द्वारा दशकों पहले शुरू किए गए विभिन्न धर्मार्थ कार्यों को सुव्यवस्थित करने में व्यस्त हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के लिए अवकाश देने के खिलाफ कई राज्यों में लगी याचिका

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसके लिए कई राज्यों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। यहां तक की केंद्र सरकार ने भी आधे दिन की छुट्टी कर दी है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अलग अलग राज्यों में याचिका दायर की गई है। बॉम्बे और मद्रास हाईकोर्ट में दायर याचिका में कई तरह के सवाल उठाए गए है। कानून की पढ़ाई करने वाले चार छात्रों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस जेपुल कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की विशेष पीठ रविवार सुबह मामले की सुनवाई करेगी। जनहित याचिका दायर करने वाले छात्रों में शिवांगी अग्रवाल, सत्यजीत सिद्धार्थ सालने, वेदांत गौरव अग्रवाल और खुशी संदीप बंगिया शामिल हैं, जो मुंबई स्थित एमएनएलयू, जीएलसी और निरमा लॉ स्कूल में विधि की पढ़ाई कर रहे हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाने वाले कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों का कहना है कि सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के संबंध में कोई भी नीति सत्ताधारी राजनीतिक दल की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकती। अवकाश की घोषणा किसी राष्ट्रभक्त या ऐतिहासिक व्यक्ति की स्मृति में की जा सकती है, लेकिन समाज के एक विशेष वर्ग या धार्मिक समुदाय को खुश करने के लिए रामलला के अभिषेक का जश्न मनाने के लिए नहीं।

जमीन से लेकर आसमां तक राम ही राम

पांच राज्यों के 15 एयरपोर्ट पर होगी पार्किंग

देश दुनिया में भगवान श्रीराम को लेकर उत्साह है। 22 जनवरी को हजारों लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस भव्य और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वीवीआईपी की काफी भीड़ एकत्रित होगी। ऐसे में विमानों की आवाजाही और लैंडिंग की व्यवस्था की गई है। एक हजार किमी के दायरे में पांच राज्यों के 15 एयरपोर्ट पर विमान पार्किंग की व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सूत्रों के अनुसार लखनऊ के साथ कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कुशीनगर, गोरखपुर, रायबरेली, फूरसतगंज, देहरादून, पटना, गया, देवघर, खजुराहो, भोपाल, इंदौर को विमान पार्किंग के लिए चिह्नित किया गया है। रायबरेली, फुर्सतगंज समेत कुछ अन्य एयरपोर्ट को भी तैयार रहने को कहा गया है। लखनऊ में कुल 48 चार्टर विमानों को उतरने और उड़ान भरने के लिए मंजूरी दी गई है। मौसम की स्थिति को देखते हुए कई अतिथि जो पहले सीधे अयोध्या में उतरने वाले थे अब चार्टर से लखनऊ पहुंच रहे हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रही प्राण प्रतिष्ठा में कई विशिष्ट और वीवीआईपी हस्तियां शिरकत करने आ रही हैं। ये हस्तियां चार्टर्ड प्लेन से आएंगी। अयोध्या में पीएम सहित कई लोगों के लिए वहां के एपर्रान रिजर्व हैं। इस कारण फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, तेलगू फिल्म अभिनेता पवन कल्याण के चार्टर्ड प्लेन समेत 11 जहाज कानपुर एयरपोर्ट में पार्क होंगे। पहले प्लेन अयोध्या जाएगा हस्तियों को उतारने के बाद यहां के एपर्रान में पार्क होगा। इसके लिए कानपुर एयरपोर्ट पर प्लेन पार्किंग के पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर 48 विमानों ने उतरने की अनुमति 21 और 22 जनवरी को मांगी है लेकिन यहां सिंगल आइल जेट विमानों के लिए महज चार पार्किंग स्थल हैं।

राम सेतु निर्माण स्थल पहुंचे मोदी, हाथों में जल लेकर दिया अर्घ्य

पीएम नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह तमिलनाडु के अरिचल मुनाई पहुंचे। जहां राम सेतु निर्माण स्थल पहुंचकर उन्होंने समुद्र तट पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान पीएम मोदी ने वहां 'प्राणायाम भी किया। उन्होंने समुद्र का जल हाथों में लेकर भगवान से प्रार्थना की और अर्घ्य दिया।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने रात्रि प्रवास रामेश्वरम में किया था और इसके बाद वह अरिचल मुनाई गए। कहा जाता है कि अरिचल मुनाई वह स्थान है जहां राम सेतु का निर्माण हुआ था। गौरतलब है कि राम सेतु को 'एडम ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा बताया जाता है कि इसका निर्माण भगवान राम ने रावण से युद्ध करने के लिए लंका जाने के वास्ते 'वानर सेना की मदद से किया था। रविवार को प्रधानमंत्री ने समुद्र तट पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां बने राष्ट्रीय प्रतीक स्तंभ पर भी पुष्पांजलि अर्पित करके प्रार्थना की। इससे पूर्व पीएम मोदी ने शुक्रवार को चेन्नई में खेलो इंडिया गेम्स 2023 का उद्घाटन किया था। उन्होंने शनिवार को श्रीरंगम और रामेश्वरम में क्रमश: श्री रंगनाथस्वामी और अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिरों में पूजा अर्चना भी की थी। रामायण से जुड़े तमिलनाडु के मंदिरों का उनका दौरा सोमवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले हो रहा है।

हेमंत सोरेन से 7 घंटे की ईडी ने की पूछताछ, ज्यादातर सवालों को टालते रहे

रांची । झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से ईडी ने 7 घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान सोरेन ने ज्यादातर सवालों को टाल दिया। बता दें कि लैंड स्कैम यानी जमीन घोटाला से जुड़े मामले में ईडी की टीम झारखंड के सीएम हाउस पहुंचाक के लिए पहुंची थी। यह झारखंड की राजनीति के लिए काफी अहम दिन था। शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने करीब 7 घंटे तक मुख्यमंत्री आवास में ही पूछताछ की। इस दौरान बरियातू स्थित 9 एकड़ जमीन को लेकर विशेष रूप से सीएम से पूछताछ की गई। ईडी के कई सवालों का

जवाब मुख्यमंत्री ने दिया लेकिन कई सवालों पर उनका कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं। दरअसल बरियातू इलाके स्थित बड़गाई अंचल में 09 एकड़ की जमीन से जुड़े मामले में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर ही पूछताछ की गई। ईडी के द्वारा की गई पूछताछ में जो सवाल अहम थे, उसमें बड़गाई अंचल के पूर्व राजस्व कर्मचारी भानू के साथ संबंध को लेकर भी सवाल किया। साथ ही बड़गाई अंचल के अंचलाधिकारी मनोज कुमार से संबंधित सवाल भी किया गया।

ईडी ने मनोज कुमार और भानू से उनके संबंधों को लेकर पूछताछ की, वहीं भानू के द्वारा दिए गए ईडी के बयान पर भी सवाल शामिल रहे, जिसमें भानू ने बताया था कि भानू के द्वारा बॉस शब्द का इस्तेमाल किस व्यक्ति के लिए किया जाता था, ये बताया गया था।

दक्षिण पश्चिम भारतीय रिज पर 6.2 तीव्रता का आया भूकंप

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम भारतीय रिज पर भूकंप के भीषण झटके आने के समाचार मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह झटके सुबह तड़के आए हैं। भूकंप काफी भीषण बताया गया है, रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.2 मापी गई है। बताया जा रहा है कि ये भूकंप आज सुबह 3.39 बजे आया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि इसमें किसी के भी हताहत होने की बात सामने नहीं आई है।

'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' की मिसाल बनी अयोध्या

नई दिल्ली। कश्मीर में बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों से लेकर कन्याकुमारी में धूप से सराबोर समुद्र तटों तक,राम नाम की गूंज ने पूरे भारत में भक्ति का माहौल बना दिया है। अब यह भक्ति अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर के रूप में मूर्त रूप ले रही है। यह गौरवमय मंदिर भारत की एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, न केवल भव्यता में, बल्कि देश-विदेश से मिले योगदान के रूप में भी यह मंदिर अद्वितीय है। पीएम मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारतपहल इस मंदिर के साथ गहराई से जुड़ी दिखती है। यह मंदिर उस अटूट विश्वास और उदारता का प्रमाण है जो किसी सीमा से परे किसी मंदिर के तीर्थाटन के लिए पूरे देश को जोड़ती है। मंदिर का मुख्य भाग राजसीठाठ-बाट लिए हुए है। यह राजस्थान के मकराना संगमरमर की प्राचीन श्वेत शोभा से सुसज्जितहै। इस मंदिर में देवताओं की उत्कृष्ट नक्काशी कर्नाटक के चर्मोधी बलुआ पत्थर पर की गई है। जबकि, प्रवेश द्वार की भव्य आकृतियों में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया है।

आईआईटी ने दी चेतावनी, राम मंदिर समारोह का विरोध किया तो होगी कार्रवाई

मुंबई (ईएमएस)। आईआईटी मुंबई ने चेतावनी दी है कि यदि किसी छात्र या अधिकारियों ने राम मंदिर समारोह का विरोध किया तो कार्रवाई होगी। बता दें कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर एक 'गौशाला' का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही महाकाव्य रामायण पर आधारित कविता पाठ जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगा। अयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। इसको लेकर कई जगहों पर उत्साह देखा जा रहा है। वहीं कुछ लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं। इसी के चलते टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ने अपने कॉलेज के छात्रों से इस कार्यक्रम के चलते संस्थान के परिसर में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन न करने को कहा है। आईआईटी ने साथ ही चेतावनी दी है कि इसकी अवहेलना करने पर उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

मेयर चुनाव में 18 दिन की देरी स्वीकार नहीं की जा सकती- हाईकोर्ट

प्रशासन को जल्द से जल्द चुनाव को लेकर जवाब देने का आदेश दिया

चंडीगढ़। मेयर चुनाव के लिए 6 फरवरी की तारीख तय करने को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव में 18 दिन की देरी स्वीकार नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई 23 जनवरी तय करते हुए प्रशासन को जल्द से जल्द चुनाव को लेकर जवाब देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 26 जनवरी से पहले यह चुनाव आवश्यक हैं अन्यथा हाईकोर्ट को आवश्यक आदेश जारी करना पड़ेगा। याचिका करेगा। याचिका दायर कर गुरुवार को ही चुनाव करवाने पर हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन नगर निगम सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिया है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कानून व्यवस्था की दलीलें देते हुए चुनाव टालने पर भी प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी दलीलें स्वीकार नहीं की जा सकती। चंडीगढ़ मेयर चुनाव गुरुवार को मतदान से आधे घंटे पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने की वजह से पोस्टपोन कर दिया गया था। इसके खिलाफ मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गुरुवार को ही चुनाव करवाने की मांग की थी। याचिका पर हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम को 23 जनवरी के लिए नोटिस जारी कर दिया था। इसके बाद डीसी ने आदेश जारी कर 6 फरवरी को चुनाव करवाने का निर्णय लिया था। ऐसे में चुनाव में देरी न हो इसके लिए एक और याचिका दाखिल करते हुए कुलदीप कुमार ने 24 घंटे में कोर्ट कमिश्नर की निगरानी में चुनाव करवाने की मांग कर दी। साथ ही याचिका में डीसी के आदेश को रद्द करने की मांग की गई।

असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की

इटानगर। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था। राहुल ले घटना को लेकर कहा कि आज भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था। तब जुमगुरीहार में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा कि भाजपा के लोगों ने हमारी सोशल मीडिया टीम के कैमरामैन और अन्य सदस्यों पर हमला किया, जिनमें 2 महिलाएं भी थीं।

जब तक केंद्र से बीजेपी सरकार को हटा नहीं देते, चैन से नहीं बैठेंगे - शरद पवार

मुंबई। केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा कि जब तक केंद्र की मौजूदा बीजेपी सरकार को सत्ता से नहीं हटा देते, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने सोलापुर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाविकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन को मजबूत करने के लिए वाम दलों और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) से बात कर रही है।

अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठ में जाने को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, लेकिन यह निमंत्रण कार्ड दिखाता है कि केवल विशिष्ट राजनीतिक दल और संगठन ही इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हैं। पवार ने कहा कि मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद वह भगवान राम की पूजा करने के लिए अयोध्या जाएंगे। पवार ने आरोप लगाया कि चुनाव आने पर बीजेपी को राम की याद आती है। भगवान राम पूरे देश के हैं, किसी एक राजनीतिक दल के नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने राम जन्मभूमि का ताला खोलने का आदेश दिया और अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास भी किया था।

केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए शरद पवार ने दावा किया कि सत्ता का दुरुपयोग करके ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने और उन्हें डराने का काम किया जा रहा है। हमें ऐसी प्रवृत्तियों को हराने के लिए जनता के पास जाना होगा। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के बारे में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) और वामपंथी दलों को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल करने के लिए बातचीत चल रही है।

शरद पवार गैरकानूनी तरीके से बने एनसीपी चीफ

अजीत गुट की दलील, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष हलफनामा किया प्रस्तुत

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में शिवसेना के अजीत गुट ने दलील दी है कि शरद पवार गैरकानूनी तरीके से एनसीपी चीफ बने हैं। बता दें कि शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर स्पीकर के फैसले के बाद अब सभी की नजरें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायकों की अपात्रता के मामले में टिकी हैं। वहीं अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी गुट के मुख्य मुख्य सचेतक अनिल पाटिल ने शरद पवार के अध्यक्ष बनने को गैरकानूनी कहा है। पाटिल ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष एक हलफनामा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शरद पवार का एनसीपी के रूप में चुनाव अध्यक्ष अवैध था। यह पार्टी संविधान के अनुरूप नहीं था। बता दें कि नार्वेकर इन दिनों एनसीपी के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे हैं। राहुल नार्वेकर ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि जलगांव से राकांपा विधायक अनिल पाटिल एकनाथ शिंदे सरकार में राहत एवं पुनर्वास मंत्री हैं। पाटिल ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए शरद पवार गुट के 10 विधायकों को अयोग्य घोषित करने के स्पीकर के समक्ष अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

इधर शरद पवार गुट के राज्य राकांपा अध्यक्ष जयंत पाटिल ने विरोधी गतिविधियों के लिए अजीत पवार के नेतृत्व वाले विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए 40 याचिकाएं दायर की हैं। अजित गुट के मुख्य सचेतक पाटिल ने हलफनामे में कहा है कि पार्टी को शरद पवार द्वारा चलाया जा रहा था। यह पार्टी के संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए शरद पवार का दावा भी एक कथित चुनाव पर आधारित है, जो कभी आयोजित ही नहीं किया गया था।

दूसरी तरफ शरद पवार समूह ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव हुआ था। पाटिल ने आरोप लगाया कि पार्टी संगठन को तानाशाही तरीके से चलाया जा रहा है, जहां शरद पवार पार्टी के मामलों को अपनी सनक और इच्छा के अनुसार चलाते हैं और पार्टी में किसी अन्य नेता को पार्टी के मामलों में कुछ भी कहने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य अध्यक्षों और राष्ट्रीय समिति और कार्यसमिति सहित सभी समितियों का चुनाव होना था, लेकिन शरद पवार ने वास्तव में अपनी कथित क्षमता में सभी राज्य अध्यक्षों को अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। अनिल पाटिल ने दावा किया कि पिछले साल 30 जून को अजित पवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

अखिल भारतीय अहीर यादव महासभा का युवा व महिला जिलाध्यक्ष का मनोनयन संपन्न

मतेश युवा व संगीता यादव मनोनीत की गई महिला जिलाध्यक्ष, समाज विरोधी क्रियाकलापों में न पड़ संगठित रहने का किया गया आह्वान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर के कोसमी स्थित यादव समाज भवन में 21 जनवरी को अखिल भारतीय अहीर यादव महासभा का जिला स्तरीय कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से समाज के युवा व महिला जिलाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। सभी वरिष्ठ और समाज के लोगों की सर्वसम्मति से युवा जिलाध्यक्ष के रूप में मतेश यादव और महिला जिलाध्यक्ष के पद पर संगीता यादव को मनोनीत किया गया। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत सम्मान कर उन्हें बधाईयां दी। वहीं समाज को नई ऊचाईयां प्रदान करने कार्य करने की अपेक्षा जाहिर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के संरक्षण अमृत लाल यादव उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गुलाब यादव ने की। विशेष अतिथियों में जिला संयोजक रामकिशोर यादव, उपाध्यक्ष राकेश यादव, रामाधीन यादव, धीरज यादव, नगर अध्यक्ष्य विक्की यादव, पकंज, मानिक यादव के अलावा जिले के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष व पदाधिकारी मंचासीन रहे।

भ्रामक प्रचार से बचे यदुवंशी

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराधा कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज को नशामुक्त रहने और संगठित रहने का आह्वान किया। वहीं समाज में फूट डालने वालो से सावधान रहने की अपील भी की गई। संरक्षक अमृतलाल यादव ने पूर्व समाज के पदाधिकारियों के गलत बेनर पोस्टर में फोटो छपी होने के मुद्दे को उठाते हुए इस तरह की गतिविधियों से समाज में फूट और भ्रामकता की बात कही। उन्होंने इस तरह के मामले पर विरोध दर्ज कराते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराए जाने की बात कही गई।

समर्पित होकर करेंगे कार्य

नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष मतेश और महिला अध्यक्ष संगीता यादव ने समाज के लोगों का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि जिस विश्वास और अपेक्षाओं के साथ उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे पूर्ण भाव से निर्वहन करने के साथ ही समर्पित भाव से समाज के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में जय यादव जय माधव के नारे भी गूंजे। वहीं रामधुन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इनका रहा योगदान

पूरे आयोजन को सफल बनाने में सुखदेव यादव, मनोज यादव, मनोहर परासिया, बंशीलाल यादव, दादूराम, लांजी से रोशन यादव, सगुन यादव, राहुल यादव, प्रदीप, अनिल, रमेश, मानिक, शिवशंकर, राजेश, रामा यादव, नगर अध्यक्ष्य विक्की यादव, मीडिया प्रभारी मुकेश यादव, सागर यादव, कृष्णा, परसवाड़ा से सुमन यादव, महेश यादव, भूरू, मनोज, संतोष यादव, अनुसुया, देवकी यादव, रेखा यादव, जानकी यादव, कविता यादव, रुकमणी, प्रिया, प्रगति यादव के अलावा सभी समाज के पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम जिले के सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी व सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बड़ा राम मंदिर ने रचा इतिहास

1008 रामभक्तों और धर्मप्रेमियों ने सामूहिक रुप से किया सुदंरकांड का पाठ

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. जिसे लेकर देश भर में उत्सव का माहौल बना हुआ है. हिन्दू धर्म प्रेमियों के द्वारा इस दिन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है. वहीं कटंगी शहर के बड़ा राम मंदिर में 09 दिवसीय उत्सव मनाया गया जा रहा है. इस उत्सव के पांचवे दिन शनिवार की शाम बड़ा राम मंदिर में आयोजित एक धार्मिक आयोजन ने एक अनोखा रिकार्ड बना दिया है. यहां 1008 राम भक्तों और धर्म प्रेमियों ने मिलकर सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर एक रिकार्ड तैयार किया है. अब तक इस तरह का भव्य आयोजन संभवत: मध्य प्रदेश में कहीं नहीं हुआ है. व्यवहार न्यायालय कटंगी माननीय न्यायाधीश सुश्री सुधा पाण्डेय और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माणिक मणि कुमावत इस ऐतिहासिक अवसर की साक्षी रही. सुंदरकांड पाठ में नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे जिसमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक रही. गौरतलब हो अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. जिसे ध्यान में रखते हुए शहर के बड़ा राम मंदिर समिति की ओर से मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है 15 जनवरी से मंदिर परिसर में कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है शनिवार की शाम मंदिर में सुंदरकाड का आयोजन हुआ. जिसमें नगर एवं ग्रामीण अंचलों से धर्मप्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. नगर में पहली बार इस तरह का भव्य आयोजन हुआ था जिसके चलते धर्म प्रेमियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इसमें शिरकत की. यहां पर अलग-अलग संप्रदाय के प्रदर्शित करने वाली जीवंत

झांकियां भी प्रस्तुत की गई. सुंदरकांड से पूर्व मंदिर में राम चरित मानस का पाठ किया गया. बता दें कि 23 जनवरी तक मंदिर में आयोजन होगे. मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है यहां रंग-बिरंगी लाइट से मंदिर परिसर और सड़क को सजाया गया है. इसके अलावा कटंगी को 22 जनवरी के लिए भगवा रंग से रंग दिया गया है।

खान सुरक्षा सप्ताह की ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता संपन्न

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। खान सुरक्षा सप्ताह 2023-24 गाजियाबाद जोन के परासिया क्षेत्र का प्रथम वार्षिक धात्विय खान सुरक्षा सप्ताह ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिता मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान में संपन्न हुई. परासिया क्षेत्र की कुल 15 खदानों से 88 प्रतियोगियों ने 21 विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया. ओपन कास्ट और भूमिगत खदानों की अलग-अलग श्रेणियों में लिखित और मौखिक परीक्षा ली गई. समारोह के प्रारंभ में उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी खान सुरक्षा निदेशक एवं अध्यक्ष सुरक्षा समिति परासिया क्षेत्र साथ में किशोर चंद्राकर महाप्रबंधक खान समूह-1, ए.वी. मसादे संयुक्त महाप्रबंधक (सुरक्षा) एवं उपाध्यक्ष सुरक्षा समिति परासिया क्षेत्र, आर.यू.सिंह अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक (खान) बालाघाट खान उपस्थित रहे. स्वागत सत्कार के बाद अभिभाषण में अल्ताफ अंसारी खान ने कहा कि सुरक्षा प्रथम की कार्यशैली ही अपनाएं. नवगठित परासिया क्षेत्र में खनन सुरक्षा के लिए सभी ही सजगता आवश्यक है. दो सत्रों में हुई विभिन्न ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित कर सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. समापन समारोह की अध्यक्षता किशोर चंद्राकर महाप्रबंधक खान समूह-1 ने की. इस अवसर पर ए.वी. मसादे. संयुक्त महाप्रबंधक (सुरक्षा) भी मौजूद रहे. वहीं समापन के दौरान आर. गटट्वार खान प्रबंधक मेसर्स हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड मलांजखंड, दिपेन्द्र पानतावने खान प्रबंधक तिरोड़ी खान, बी.एस.कारपे खान प्रबंधक सीतापठोर/सुकली खान उपस्थित रहे. दीपेन्द्र पानतावने ने खान में आए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया. वहीं प्रतियोगिता और कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दिनेश कनोजे ने किया. लिखित परीक्षा में शकील अहमद, मंगेश ढोले, विलास सोनटक्के, दिनेश कटवारे मॉयल लिमिटेड, तिरोड़ी खान से रहे. मौखिक परीक्षा में निषाद निकोसे, आनंद बागडे, शाहिद बेग, संजीव पंडा मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान और एस.सी. राणा तथा आशीष डहरवाल मेसर्स हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड से थे. व्यवस्था समिति में मुकेश देवांगन, आशीष सिंह ने कार्यभार संभाल कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति का पुनः गठन सम्पन्न

सर्व सहमति से बनाई गई कार्यकारिणी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को नगर के समता भवन में महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित इस बैठक के दौरान समाज संगठन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत नगर कार्यकारिणी के कार्यकाल पर सामाजिक बंधुओ ने अपने विचार विमर्श प्रस्तुत किए। जहां समाज संगठन द्वारा वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर नई कार्यकारिणी का गठन किए जाने का फैसला लिया गया। जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी। जहां बैठक के दौरान सभी ने नवीन कार्यकारिणी के गठन किए जाने की रूपरेखा तैयार की।जिस पर महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र रामटेके, कोषाध्यक्ष हंसराज भौतिक, महासचिव सतीश वैध ने संयुक्त रूप उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों का बखान करते हुए समाज संगठन के समक्ष आय व्यय का संपूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत किया।वहीं कार्यकरणी भंग करने के उपरांत पुनः नवीन कार्यकारिणी का गठन करने की बात कही। जिसे सभी समाजिक बन्दुओ से सर्व सहमति से स्वीकार किया।

सर्व समिति से हुआ अध्यक्ष पद का फैसला

आयोजित इस बैठक के दौरान सामाजिक बन्धुओ की सर्व सहमति से चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई जहां अध्यक्ष धर्मेंद्र रामटेके के अध्यक्ष पद से हटते ही सर्व सहमति से कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया जिनके दिशा निर्देशन में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। जहां उपस्थित सामाजिक बंधुओ ने 1 वर्ष की कार्यकारिणी के लिए चुनाव, सर्व सहमति से संपन्न करने पर जोर दिया। जिसमें सामाजिक बंधुओ की सर्व सम्मति से श्रीमती रेखा मेश्राम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष ने अपनी नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

नवीन कार्यकारी में इनका समावेश

महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति में सर्व सहमति से अध्यक्ष पद का फैसला होते ही समिति का पुनर्गठन किया गया जहां नवीन समिति में सर्व सहमति से श्रीमती राखी मेश्राम को अध्यक्ष तो वही नंदनी वहाने को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अधिवक्ता गौरव मेश्राम को महासचिव की कमान सौपी गई।तो वही कल्पना वासनिक को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।इसके अलावा कार्यकारिणी में डॉ रामटेके, हंसराज भौतिक, सतीश वैद्य, मनोज चौरे रवि पटले, मुनेश्वर घरडे सहित अन्य को शामिल कर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जहां अंत में बुद्धम शरणम गच्छामि का मंत्रोचारण व प्रार्थना के बाद आयोजित कार्यक्रम का समापन किया गया।

प्राथमिकता के तौर पर लिए जाएंगे सभी कार्य-

नई कार्यकारिणी गठन को लेकर की गई चर्चा के दौरान महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती राखी मेश्राम और महासचिव अधिवक्ता गौरव मेश्राम ने संयुक्त रूप से बताया कि आज महात्मा फुले एवं डॉ आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।जिसमें उन्हें सर्व सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष व महासचिव चुना गया है।वे समाज के सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर लेंगे। जहां सामाजिक गतिविधिया सामाजिक हित में संपन्न कराई जाएगी प्राथमिकता के तौर पर समाज में जनजागरुकता लाने ,बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने, नवाचार करने को प्राथमिकता दी जाएगी।वही वर्ष 2024 से लेकर वर्ष 2025 के 1 वर्ष तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम नियम अनुसार संपन्न कराए जाएंगे जहां सभी कार्यक्रमों को भव्य रुप प्रदान किया जाएगा।

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर गर्रा हनुमान मंदिर में प्रभु सियाराम की प्रतिमा स्थापना आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जहां 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राममंदिर में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। वहीं गर्रा पंचायत में मशीनटोला के हनुमान मंदिर में प्रभु सियाराम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गार्डन गेट के सामने हनुमान मंदिर और दुर्गा चौक पर विशाल दुर्गा मंदिर के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। गर्रा पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने बताया कि शताब्दियों के बाद यह अवसर आ रहा है कि अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में प्रभुराम विराज रहे है। इस शुभ अवसर पर गर्रा पंचायत में देवी, देवताओं की असीम कृपा बनी रहे और उनके आशीर्वाद से पंचायतवासी के घर धन, धान्य से भरे रहे, इसी भाव के साथ गर्रा पंचायत के मशीनटोला में बने हनुमान मंदिर में प्रभु सियाराम की प्रतिमा

स्थापना, गार्डन गेट के सामने हनुमान मंदिर और दुर्गा चौक में विशाल दुर्गा मंदिर निर्माण का भूमिपूजन 22 जनवरी सोमवार को आयोजित किया गया है। इस अवसर पर हनुमान मंदिर गर्रा बस्ती एवं खैरमाई माता मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हाकर संपूर्ण गर्रा का भ्रमण करते हुए मशीनटोला हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां विधिविधान से प्रभु सियाराम की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। जिसके बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गर्रा परिवार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने पंचायत और जिले की जनता से निवेदन किया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अपने घर एवं दीप प्रज्जवलित कर प्रभु राम की आराधना कर पुण्यलाभ अर्जित करें।

ग्राम लामता में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

लामता(पद्मेश न्यूज)। जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम पंचायत लामता द्वारा समस्त मंदिरों में एवं गांव में विशेष स्वच्छता

अभियान चलाया गया, शासन के निर्देशानुसार 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या में श्री राम लला जी विराजमान हो रहे है,इस हेतु समस्त मंदिरों में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसके तहत 21 जनवरी को बस स्टैंड,बाजार चौक,राम मंदिर,हनुमान मंदिर,देवी मंदिरों के आसपास सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया,उक्त धार्मिक स्थलों में आयोजित स्वच्छता अभियान में सरपंच हुलासमल कोचर, पी.एस.डामोर टी.आई.,एवं पुलिस स्टाप,सचिव श्रीचंद पंचेश्वर,सह.सचिव शरद जायसवाल, पंच गणों में वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिरसाम ,सुशील कोचर,एवं समस्त सफाई कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

ग्राम भालवा मे किया गया स्वछता अभियान

हट्टा(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ग्राम पंचायत भालवा मे दिनांक 20 जनवरी 2024 दिन शनिवार को स्वछता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रत्येक मोहल्ले, सडक, चौक तथा सभी मन्दिरों की साफ सफाई की गई । जिसमें ग्राम पंचायत भालवा सरपंच श्रीमती अलकेशवरी राहंगडाले, सचिव लक्ष्मीचंद बाहे, सहायक सचिव दिपक जामरे, उप सरपंच योगराज पटले,पूर्व सरपंच अम्रतलाल राहंगडाले, जनपद पंचायत किरनापूर अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा, सार्वजनिक समिति अध्यक्ष चंदन शरणागत, उप अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद्र रंगारे, शाही भजन मंडली अध्यक्ष जगत लाल बोपचे , समस्त पंच, ग्राम भालवा के आगनबाडी केन्द्र से अधीक्षिका एवं सहायिका और समस्त ग्रामीण जनो ने स्वछता का परिचय दिया।

आम सूचना

चुन्नीलाल पिता श्री जगलाल हिरवाने निवासी ग्राम रामपायली तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.ने आम जनता को सूचित करते हुये कहा कि मेरे पिता श्री जगलाल हिरवाने पिता श्री सुकालीसाव हिरवाने के द्वारा जो विक्रय रजिस्ट्री आशुतोष कोहाड़ पिता श्री राजेन्द्र कोहाड़ के हक में करवाई गई है वह फर्जी तरिके से करवाई गई है। मैं अपने पुत्र चुन्नीलाल पिता श्री जगलाल हिरवाने की आम सूचना के माध्यम से बताई गई समस्त बातों का खंडन करता हूँ और मेरे द्वारा आशुतोष कोहाड़ के पक्ष में की गई विक्रय रजिस्ट्री पूर्ण रूप से सही है, मैंने अपने पुरे होशोहवास और मन मस्तिष्क की स्वस्थ दशा में विक्रय पत्र निष्पादन किया हूँ। मेरे पुत्र चुन्नीलाल हिरवाने द्वारा लोभ एवं लालच के चलते इस्तेहार जारी किया गया है जिससे कि वह क्रेता आशुतोष कोहाड़ से मोटी रकम प्राप्त कर सकें। मेरे बडे पुत्र चुन्नीलाल हिरवाने द्वारा इस्तेहार में दिये गये सारे कथन मिथ्या एवं बनावटी है।

प्रेषक
जगलाल हिरवाने
रामपायली

खाद्य विभाग की टीम ने होटलों में दी दबिश, मचा हड़कंप

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। खाने-पीने की चीजों में मिलावट और साफ-सफाई के अभाव की लगातार मिलने वाली शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग की टीम ने कटंगी शहर की कई होटलों और चौपाटी में लगने वाली फुटकर हाथ ठेले में लगने वाली दुकानों में दबिश दी. एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग जिला अधिकारी वाजिद मोहिब, योगेश डोंगरे ने नायब तहसीलदार के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया. इस दौरान फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स यानी मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भी मौजूद रही. जिसके जरिए दुकानों से लिए गए खाद्य सामग्रियों के नमूनों की मौके पर ही खाने-पीने की सामग्रियों की जांच की गई. खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद कटंगी शहर के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया. अधिकारियों ने जांच कार्रवाई के दौरान प्रकरण भी बनाएं साथ ही जिन होटल और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था. उन दुकानों से गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्रवाई की गई. खाद्य विभाग की टीम ने होटल में फूड लाइसेंस की जांच की और जिन दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं मिले उन्हें तत्काल लाइसेंस बनाने की नसीहत देते हुए कार्रवाई की. गौरतलब हो कि कटंगी शहर की तमाम होटलों में खाने-पीने की सामग्री को खुले में रखकर बेचा जाता है. नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुरक्षा कानून का पालन कागजों में हो रहा है. बाजारों में खुलेआम दूषित खाद्य तत्व सामग्री बेची जाने की चर्चा है. जिससे लोग बीमार हो रहे है. शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित होटलों और नाश्तों की दुकानों पर खुली खाद्य सामग्री सरकार के बनाए गए नियमों को मुंह चिढ़ाती नजर आती है. यहां कायदे कानून की परवाह किए बिना धूल और प्रदूषण के बीच नाश्ता रखा जाता है. होटल संचालक को भी किसी भी बात की परवाह नहीं होती है. शहर के कई होटल में जहां नाश्ता पकाया जाता है. वहां गंदगी का अंबार लगा हुआ रहता है. खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग की टीम जब शहर में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंची तो होटलों में स्वच्छता का ध्यान नहीं दिए जाने

पर उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की. नगर के तमाम होटल में धूल खान पान की वस्तुओं पर बैठती है. खाने की वस्तुओं को न तो ढक कर रखा जाता है और न ही लोगों के स्वास्थ्य की किसी को कोई परवाह है।

इनका कहना है-

एसडीएम के निर्देशन पर होटलों में कार्रवाई की गई जहां नियमों की अनदेखी कर होटल का संचालन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की गई. इसके अलावा सिलेंडर भी जब्त किए गए है फूड लाइसेंस बनाने की नसीहत भी दुकानदारों को दी गई है।

खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने नगर में निकाली गई श्रीराम वाहन रैली यात्रा

नगर में रोजाना किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद सोमवार 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।इस ऐतिहासिक पल को अविस्मणीय बनाने का हर कोई प्रयास कर रहा है।जिसके तहत जिले भर में रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।पूरे देश सहित विश्व के कई देशो में 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल है, ऐसे में सामाजिक लोग भी बढ़-चढ़कर इस उत्सव में अपनी भूमिका निभा रहे है जिसको लेकर रविवार को सर्व हिंदू समाज व विभिन्न संगठनों द्वारा नगर में श्रीराम वाहन रैली यात्रा का आयोजन किया गया। नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से निकाली गई यह वाहन रैली यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंची। जहां इस पदयात्रा का समापन किया गया। नगर में निकाली गई इस श्री राम वाहन रैली यात्रा के माध्यम से सर्व हिंदू समाज व विभिन्न संगठनों द्वारा रामभक्तों को अयोध्या के राम मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, तो वही 22 जनवरी को होने वाली इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने की भी अपील की गई। आपको बताएं की सरयू नदी तट पर अयोध्या में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पर रामलाल की विग्रह स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है जिसको लेकर संपूर्ण भारत में जश्न का माहौल है। वही बालाघाट नगर को भी इस प्राण प्रतिष्ठा के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया है। जहां नगर में रोजाना अक्षत कलश यात्रा और घर-घर पीले चावल देकर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया जा रहा है, तो वही जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ, भजन, हवन ,कीर्तन, पूजन प्रभात फेरी आदि का रोजाना आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में आज रविवार 21जनवरी को श्री राम वाहन रैली यात्रा का आयोजन किया गया। नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से निकल गई इस श्री राम वाहन रैली यात्रा के माध्यम से नगर वासियों को 22 जनवरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है ।आपको बताएं 22 जनवरी को नगर में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं जहां नगर को मिट्टी के दिए से सजाया जा रहा है ,तो वही नगर के विभिन्न चौक चौराहो व मार्गों पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं।

प्राचीन हनुमान मंदिर में होगा सुंदरकांड व महाप्रसादी वितरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्राचीन हनुमान मंदिर बूढ़ी वार्ड न. 11 बूढ़ी बालाघाट में पौष शुल्क द्वादशी विक्रम संवत् 2080 सोमवार 22 जनवरी को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठाके शुभ अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिर बूढ़ी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रात:6.30 बजे अभिषेक होगा, 7:00 बजे आरती होगी तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से सुंदरकांड व हनुमान चालिसा महिला मंडल द्वारा आयोजित किया जावेगा। संध्या 7 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। इस संदर्भ में वार्ड क्रमांक 11 के पूर्व पार्षद रामलाल बिसेने ने बताया कि प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बूढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। वही हर घर से कम से कम 5 दीपक मंदिर प्रांगण में लाकर दीप जलाने तथा वार्डवासियों से इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की गई।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या राम मंदिर में सोमवार को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर केवल अयोध्या में ही नहीं बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। जहां प्रभु श्री राम की इस प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं तो वहीं हर कोई इस महोत्सव को यादगार बनाने की कोशिश में है। जहां अयोध्या श्री राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के

अग्रसेन भवन में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री राम की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आरती की गई, तो वहीं भगवान श्री राम के गगनचुम्बी नारों व जय घोष के साथ संगीतमय राम भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया।जहां सामाजिक महिलाएं भगवान राम के भजन कीर्तन के दौरान राम भक्ति में झूमती गाती हुई नजर आई। इस दौरान अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती वितीता प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा दीपक अग्रवाल, सचिव श्रीमती सविता विजय अग्रवाल, महासचिव श्रीमती इच्छा संतोष अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, श्रीमती शांता देवी,श्रीमती शोभा अग्रवाल, श्रीमती अलका अग्रवाल और श्रीमती ममता अग्रवाल सहित अग्रवाल महिला मंडल की अन्य पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बहने प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

बाबा सैलानी के 5 दिवसीय सालाना उर्स पर रोजाना हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन

शाही संदल निकालकर ,तकसीम किया गया लंगर-ए-आम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मंझारा स्थित बाबा सैलानी दरगाह में 5 दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। हजरत बाबा सैलानी शाह नक्शबंदी चिश्ती

कादरी रहमतुल्ला अलेह के इस सालाना उर्स मुबारक पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।जहां 25 वे उर्स मुबारक के पहले दिन 19 जनवरी शुक्रवार को दरगाह में झंडा फहरा कर उर्स मुबारक की शुरुआत की गई, तो वही गुसल ए मजारें पाक ,फातिहा, मिलाद शरीफ सहित विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। वही उर्स मुबारक के तीसरे दिन 21 जनवरी रविवार को भरवेली वार्ड नंबर 3 सिंडीकेट बैंक कॉलोनी बाबू लाइन वार्ड नं 3 व 4 से शाही संदल और चादर यात्रा निकाली गई। जो ग्राम भरवेली हीरापुर के विभिन्न मार्गों का गस्त करते हुए भेरो प्लांट मंझारा स्थित बाबा सैलानी के दरबार पहुंची। जहां बाबा के आस्ताने में मन्नतो की चादर पेश कर, उपस्थितजनों ने देश की खुशहाली, तरक्की, अमन ,चैन ,शांति, और आपसी भाईचारे की सामूहिक दुआएं मांगी। तो वहीं बाबा के आस्ताने में अकीदत के फूल के साथ सलातो सलाम पेश किया गया ।वहीं रात करीब 8 बजे दरगाह शरीफ में लंगर ए आम का आयोजन कर लंगर तकसीम किया गया। बताया जा रहा है कि कल 23 जनवरी दिन मंगलवार को कुल शरीफ की फातिहा के साथ इस पांच दिवसीय उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा।

स्वतंत्रता सेनानी हेमू कलाणी को भुला दिया गया-कंकर

सभी क्रांतिकारियों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की करी मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने रविवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखें।इस दौरान पूर्व सांसद श्री मुंजारे ने एक बार फिर किसी का नाम लिए बगैर विपक्षियों पर जमकर निशान साधा है।जिन्होंने जहां एक ओर धर्म को गलत तरीके से राजनीति में जोड़ने की बात कही है तो वहीं उन्होंने क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी हेमू कलाणी के शहादत दिवस को भूलाने का भी आरोप लगाया है। जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी हेमू कलाणी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी महानता का गुणगान किया तो वहीं उन्होंने देश के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है।

अफसोस की बात है कि स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान को भुला दिया गया

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने बताया कि आज स्वतंत्रता सेनानी कल्याणी का शहादत दिवस है ।जिसे हर किसी ने भुला दिया है।यह बड़े अफसोस की बात है कि इतने महान क्रांतिकारी की शहादत को किसी ने याद नहीं किया।उन्होंने आगे बताया कि हेमू कलाणी का जन्म 23 मार्च 1923 में सुक्कर सिंध ब्रिटिश राज पाकिस्तान में हुआ था ।जब वे किशोर वयस्क अवस्था के थे तब उन्होंने अपने साथियों के साथ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह किया।सन् 1942 में जब महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया तो हेमू इसमें कूद पड़े। 1942में उन्हें यह गुप्त जानकारी मिली कि अंग्रेजी सेना हथियारों से भरी रेलगाड़ी रोहड़ी शहर से होकर गुजरेगी. हेमू कालाणी अपने साथियों के साथ रेल पटरी को अस्त व्यस्त करने की योजना बनाई। वे यह सब कार्य अत्यंत गुप्त तरीके से कर रहे थे पर फिर भी वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों की नजर उनपर पड़ी और उन्होंने हेमू कालाणी को गिरफ्तार कर लिया और उनके बाकी साथी फरार हो गए ।हेमू कालाणी को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई. उस समय के सिंध के गणमान्य लोगों ने एक पेटीशन दायर की और जज से उनको फांसी की सजा ना देने की अपील की ।जज ने इस शर्त पर यह स्वीकार किया कि हेमू कालाणी अपने साथियों का नाम और पता बताये पर हेमू कालाणी ने यह शर्त अस्वीकार कर दी। जिसपर 21 जनवरी 1943 को उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई।उन्हें 21 वर्ष की अल्पायु में फांसी दी गई थी। जब फांसी से पहले उनसे आखरी इच्छा पूछी गई तो उन्होंने भारतवर्ष में फिर से जन्म लेने की इच्छा जाहिर की इन्कलाब जिंदाबाद और भारत माता की जय की घोषणा के साथ उन्होंने फांसी को स्वीकार किया था। पर आज अफसोस की बात है कि इस महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी को भुला दिया गया है लोगों को इस क्रांतिकारी के बारे में जानकारी तक नहीं है और अमर शहीद की शहादत पर किसी प्रकार का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया ।इस बात का हमें दुख है आज उन्हें देश में कोई भी याद नहीं कर रहा है इसीलिए आज हमने अपने साथियों के साथ उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया है।

सभी स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को पाठ्यक्रम में किया जाए शामिल

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री मुंजारे ने बताया कि केवल हेमू कालाणी ही नहीं बल्कि देश में ऐसे कई क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी है जिन्हें भुलाया जा रहा है। देश के लोगों को उनकी जीवनी की जानकारी नहीं है। उनके बलिदान उनके कार्य और देश को आजाद करने में दिए गए उनके योगदान की जानकारी नहीं है। इसीलिए हमारी मांग है कि देशभर में जितने भी क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी हुए है उनके इतिहास को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाए। ताकि लोगो मे देश प्रेम की भावना आए। आज के नौजवान भटक रहे हैं उन्हें जानबूझकर भटकाया भी जा रहा है कुछ नौजवान मोबाइल में व्यस्त है तो किसी को मोबाइल छुड़ाकर धार्मिक कार्यक्रमों में झोंका जा रहा है लेकिन उन्हें क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में नहीं बताया जा रहा है। इसीलिए हमारी मांग है कि समस्त स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि युवाओं में देशभक्ति प्रेम की भावना जागृत हो।

धर्म को राजनीति से जोड़ना गलत है इसके परिणाम भयानक होंगे

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री मुंजारे ने बगैर किसी का नाम लिए तंज करते हुए कहा कि धर्म को गलत तरीके से राजनीति में मिलाया जा रहा है। जिसका परिणाम भविष्य में भयानक होगा। धर्म को किसी भी एक पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए। धर्म एक दीर्घकालीन राजनीति है धर्म और राजनीति की जड़े एक जगह से चलती है। लेकिन धर्म में द्वेष, किसी के प्रति लड़ाने का कोई भी काम नहीं है, लेकिन उसी की राजनीति कर लोगों को बांटा जा रहा है। जो गलत है और इसके परिणाम भविष्य में भयानक होंगे।

अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। नगर के पवार छात्रावास में आयोजित इस 43 वे में वार्षिक उत्सव पर दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिसका समापन 21 जनवरी रविवार को रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। नगर के पवार छात्रावास में आयोजित इस वार्षिक उत्सव के दौरान जहा 20 जनवरी शनिवार को महिलाओं के लिए खेल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतियोगी महिलाओं को दो आयु वर्ग में विभाजित कर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। जिसमें 55 वर्ष के ऊपर और 55 वर्ष के नीचे के आयु वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया इसमें चम्मच दौड़, एक हाथ से चना उठाकर सर की कटोरी में डालने की प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। तो वही वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। जिसमें महिला मंडल

के सदस्यों व सामाजिक बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें महिलाओं द्वारा मंचासीन होकर एक से बढ़कर एक नृत्य और नाटक की प्रस्तुति दी। जहां पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गौतम, सचिव श्रीमती लता हरिनखेड़े का विशेष योगदान रहा।इसके अलावा श्रीमती भारती पारधी, ममता चौधरी, ललीता ऐड़े, अल्का बिसेन, सीमा टेम्भरे,उर्मिला टेम्भरे, अर्चना टेम्भरे, सुलोचना रहांगडाले, ममता सोनवाने, शोभा पारधी, मंजू बिसेन, उर्मिला पटले एवं किरण तुरकर सहित महिला मंडल की अन्य महिला पदाधिकारी सदस्यों ने सराहनी भूमिका निभाई।

वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों की किए जाते हैं आयोजन- निर्मला गौतम

नगर के पवार छात्रावास में आयोजित इस वार्षिक उत्सव को लेकर की गई चर्चा के दौरान अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गौतम ने बताया कि अन्नपूर्णा पवार महिला मंडल द्वारा वर्ष 1981 से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वही साल भर संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं। जिसमें सांस्कृतिक रामायण पाठ के आयोजन के साथ साथ ,प्रतिवर्ष हल्दी कुमकुम, धार्मिक स्थल की यात्रा ,पिकनिक, होली मिलन समारोह, दीपावली मिलन समारोह, सावन झूला, वृक्षारोपण, गरबा आदि के आयोजन किए जाते हैं। जिन्होंने बताया कि इस वर्ष वार्षिक महोत्सव पर दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए थे। जिसमें पहले दिन विभिन्न खेल, तो दूसरे दिन सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन कर पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया है। इसमें वरिष्ठ सदस्यों को शाल और पौधा देकर सम्मानित किया गया है।

गैलेक्सी टाउन डोंगरिया में टेनिल बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट वारासिवनी रोड पर स्थित आरटीओ कार्यालय के सामने गैलेक्सी टाऊन के मैदान में गैलेक्सी कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज 21 जनवरी को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गौरीशंकर बिसेन पूर्व मंत्री म.प्र.शासन, डूलेन्द्र ठाकरे सदस्य जिला पंचायत, बाबूलाल भगत जनपद सदस्य व श्रीमती हस्तरेखा वारके सरपंच डोंगरिया मुख्य रूप में उपस्थित हुये। जिनके हस्ते गैलेक्सी कप का आगाज किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेने ने गैलेक्सी टाऊन में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये आभार जताया तथा सभी खिलाडियों को शानदार खेल प्रदर्शन करने की शुभकामना दी। उन्होने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के खेल के आयोजन होना चाहिए। खेल से बौद्धिक विकास होता है शरीर भी स्वस्थ्य रहता है। आज

हमारा गृह ग्राम से लगा डोंगरिया आसमान छू रहा है। समय बदलते रहता है। इस दौरान नवीन डहाटे अध्यक्ष, पंकज डोंगरे उपाध्यक्ष, संरक्षक लिखनलाल बिसेन, सचिव राजेश मेश्राम सहित अमित सोनबिरसे, मो. हनिफ कुरैशी, प्रभात रंगारी, मोहित डोंगरे, उमेश कटरे सहित गैलैक्सी टीम के कप्तान व उपकप्तान सहित टीम के समस्त खिलाडी उपस्थित रहे। इस संदर्भ में आयोजक समिति के अध्यक्ष नवीन डहाटे ने बताया कि आज 21 जनवरी को गेलेक्सी कप का शुभारंभ किया गया। जिसेता टीम को प्रथम पुरूस्कार 33333 व शिल्ड तथा द्वितीय पुरूस्कार 22222 शिल्ड से सम्मानित किया जावेगा। उन्होने बताया कि प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का खेला जावेगा तथा समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। इस दौरान आज पहला मैच गैलेक्सी इलेवन वर्सेस गंगा नगर बालाघाट के बीच खेला गया। जिसमें गैलेक्सी इलेवन ने प्रथम मैच को जीतकर अपने नाम किया। इसी तरह प्रतिदिन 3 से 4 मैच खेले जावेगे। इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में खेलप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर कल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद से संचालित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय जबलपुर के तत्वाधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन कल 23 जनवरी को प्रात: 10 बजे से सुभाष चौक जयहिंद टॉकीज के पास महावीर भवन में आयोजित किया गया है। आयोजक श्री विद्यासागर सेवा संस्थान बालाघाट के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. मनोज पटेल, डॉ. वेदांत गुप्ता और सहयोगी चिकित्सक डॉ. प्रसन्न प्रफुल्ल जैन द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से नाड़ी परीक्षण, आयुर्वेदिक औषधि, योग, प्राणायाम और एक्युप्रेशर से बीमारियों का इलाज किया जाकर उचित परामर्श दिया जाएगा। जिसका लाभ लेने के लिए 50 रूपए पंजीयन शुल्क के साथ रोगी अपना पंजीयन श्री अरिहंत कम्प्यूटर्स, वर्धमान सेलकॉम में 22 जनवरी तक करा सकते है। गौरतलब हो कि यह शिविर दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। जिसका सैकड़ो लोगों ने लाभ मिला था। जिसमें जिले के लोगों से अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील सुशील जैन, गौरव जैन, राजा अजय जैन, संजय जैन, नितेश पिंटू जैन, अभिषेक जैन सोनल जैन, ज्योति जैन, संदीप जैन, गुल्शी भैया, इंजीनियर मयंक जैन, डॉ. सारांश जैन, मुलायम जैन, सीए पलाश जैन, संदीप जैन, मयंक देवड़िया सहित अन्य ने की है।

गर्राटोला में आज बनवारी सेठ सबको अपनी कामेडी से हंसाएंगे

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के वारासिवनी जनपद के ग्राम पंचायत गर्रा अंतर्गत गर्राटोला में 15 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। कथा का वाचन पंडित भुवन कृष्ण दुबे द्वारा रोज शाम छह बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है। महाराज ने 20 जनवरी को मथुरा गमन, कंशवध, रूक्मिणि मंगल की कथा सुनाई। कथा सुनाते हुए महाराज ने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के मामा कंश के अत्याचार से मथुरावासी समेत देव लोक देवता परेशान थे। जिनका वध करने के लिए श्री हरि विष्णु जी ने आठवें अवतार श्रीकृष्ण का लिया था और जिन्होंने कंश का वध किया। इसके अलावा रूक्मिणि मंगल की कथा का वर्णन किया। कथा के समापन के बाद आज 22 जनवरी को बनवारी सेठ उर्फ देव पंवार बांगा उर्फ अली भाई, फुंदों उर्फ अंजली चौहान, झोड़पा, टेंपा, निंबारिया, सहित अन्य कामेडियन का आगमन हो रहा है। पूरी टीम द्वारा अपनी कामेडी से लोगों को हंसाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में आने की अपील सर्वसमाज गर्राटोला ने की है।



गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष बने सचेन्द्र सिलेकर

युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ स्थित लॉन में २१ जनवरी को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष पद का चुनाव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा कार्यवाहक अध्यक्ष, मुख्य निर्वाचन अधिकारी रविशंकर अजीत एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। जिसके बाद अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई और अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार सचेन्द्र सिलेकर, झामसिंह नागेश्वर, रामकिशोर ब्रम्हे के द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया जिन्हे उन्हे चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। जिसके बाद मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई और १८ वर्ष से ऊपर के सभी वयस्क मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें १५७ मत सचेन्द्र सिलेकर को, ७ मत झामसिंह नागेश्वर एवं ७ मत रामकिशोर ब्रम्हे के मिले। इस तरह सचेन्द्र सिलेकर विजयी हुए जिन्हे अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। जिसके बाद युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें उपस्थित युवक-युवतियों ने अपना-अपना परिचय दिये। साथ ही नवनिर्वाचित महासभा अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर को प्रमाण पत्र देकर का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा

का अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर को बनाया गया है जिनके द्वारा जल्द ही कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा और सभी को मिलकर समाजोत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम करने की बात कही गई। महासभा अध्यक्ष पद के चुनाव में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज पांढरवानी मण्डल के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष हरिपाल धानेश्वर, संजय कंचनवार, बसंत दिनेवार, गणेश वराडे, मुकेश सोलंकी मतगणना पदाधिकारी की भूमिका निभाये। चर्चा में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा कार्यवाहक अध्यक्ष, निर्वाचन अधिकारी रविशंकर अजीत ने बताया कि अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए ३ दावेदारों ने नामांकन दर्ज किया था जिसमें सचेन्द्र सिलेकर, झामसिंह नागेश्वर, रामकिशोर ब्रम्हे शामिल है जिन्हें चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। जिसमें सचेन्द्र सिलेकर को पतंग, झामसिंह नागेश्वर को ब्लैक बोर्ड एवं रामकिशोर ब्रम्हे को टीवी चुनाव चिन्ह मिला और यह अध्यक्ष पद का चुनाव मतदान से करवाया गया। इस चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व महासभा चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीद्वार झामसिंग नागेश्वर के द्वारा उपस्थित सभी मतदाताओं के सामने अपना समर्थन सचेन्द्र सिलेकर को दे दिया गया था। श्री अजीत ने बताया कि महासभा अध्यक्ष का चुनाव में १८ वर्ष के ऊपर के वयस्क मतदाताओं ने मतदान किया और सबसे अधिक मत १५७ और समर्थन में मिले ७ मत इस तरह से १६४ मत सचेन्द्र सिलेकर को मिले है जिन्हे अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री अजीत ने बताया कि नवनिर्वाचित महासभा अध्यक्ष श्री सिलेकर से अपेक्षा है कि वह समाजोत्थान के क्षेत्र में कार्य करेगें, निष्पक्ष होकर निर्णय लेगें और समाज को नई दिशा प्रदान करें। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा नवनियुक्त अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर ने बताया कि जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन करते हुए पूर्व में सामाजिक क्षेत्र में जो कार्य गलत हुए है उसमें सुधार किया जायेगा और बालाघाट जिला हमारे समाज का केन्द्र बिंदु है। जहां पर हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कि जिले में गढ़वाल समाज का सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाये क्योंकि जब भी हमारे द्वारा जिले स्तर पर किसी तरह का कोई भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो हमें किराये के भवन में आयोजन करना पड़ता है जिससे समाज पर अतिरिक्त भार पड़ता है। साथ ही दूर-दराज से समाज के छात्र-छात्राएं बालाघाट में आकर शिक्षा अध्ययन करते हैं उन्हें किराये के कमरों में रहना पड़ता है जिससे उन्हे आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है इसलिए उनके लिए छात्रावास का निर्माण किया जायेगा ताकि छात्रावास में रहकर वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सामाजिक उत्थान में काम कर आगे बढ़े सके और सभी को साथ में लेकर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम किया जायेगा। इस अवसर पर पांढरवानी मण्डल के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष हरिपाल धानेश्वर, पांढरवानी मण्डल अध्यक्ष विष्णु धानेश्वर, गणेश धानेश्वर, बघोली मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बनवाले, श्याम बनवाले, संजय हिरेन्द्रवार, परमानन्द नागेश्वर, शिवलाल अजित, नन्दू चावले, राजू बोस, बिट्टू जख्म, चित्रप्रकाश भोजपाल, श्याम बनवाले, शिवलाल अजीत, सविता बझले, गंगोत्री सिलेकर, मागिन ब्रम्हे, लक्ष्मी नागेश्वर, सविता नागेश्वर, प्रेमलता सूर्यवंशी, रूखमणी अजीत, सुरेंद्र बनवाले, मोना बनवाले, अनिता सूर्यवंशी, गीता ब्रम्हे, परमेश्वरी नागेश्वर, नारायण सोलंकी, मिनेश ब्रम्हे, अशोक नागेश्वर, राजकुमार ब्रम्हे, विकास स्वामी सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

मांझापुर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का लोकार्पण आज २२ जनवरी को संपन्न होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में भगवान राम की नगरी अयोध्या से आये अक्षत कलश २१ जनवरी को ग्राम पंचायत मांझापुर पहुंची जिसका हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद हनुमान मंदिर में पूजा अर्चन कर बैडबाजे एवं भक्तिभाव के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई और यह यात्रा ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची जहां आरती कर यात्रा का समापन किया गया। इस अक्षत कलश यात्रा के दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम के भक्तजनों के द्वारा यात्रा का स्वागत किया और इस अक्षत कलश यात्रा के माध्यम से ग्रामीणजनों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम २२ जनवरी को संपन्न होना है उक्त कार्यक्रम एवं ग्राम में होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने का आमंत्रण भी दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मांझापुर के सरपंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

देवरी के बजरंग मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ७ किमी. दूर ग्राम पंचायत देवरी स्थित हनुमान मंदिर में २२ जनवरी को कलश यात्रा, हवन-पूजन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत देवरी सरपंच प्रतिनिधि मुन्नालाल पटले ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का लोकार्पण २२ जनवरी को होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में २२ जनवरी को ग्राम देवरी स्थित हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी और यह रैली ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। जिसके बाद हवन-पूजन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न करवाये जायेंगें तत्पश्चात भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील ग्राम सरपंच सहित ग्रामीणजनों ने की है।

ददिया में बह रही ज्ञान की गंगा

हवन-पूजन एवं विशाल भंडारा २३ को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया के बड़ चौक में गत १५ जा रहा है जिससे पूरे ग्राम में ज्ञान की गंगा बह रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। चर्चा में प्रेमलाल राजुरकर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नववर्ष के आगमन पर गत १५ जनवरी से संगीतमय शिव महापुराण सत्संग सप्ताह ददिया में जारी है जिसका समापन २३ जनवरी को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया जायेगा। इस ८ दिवसीय संगीतमय महा शिवपुराण सत्संग सप्ताह में सिध्द पीताम्बर पीठ के पं. अनिल शास्त्री के द्वारा भगवान भोलेनाथ के जीवनगाथाओं पर प्रतिदिन दोपहर १ बजे से ४ बजे तक एवं रात ८ बजे से रात ११ बजे तक संगीतमय प्रवचन दिया जा रहा है जिससे पुरा ग्राम भक्तिमय हो चुका है और ग्रामीणजन पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्यलाभ भी अर्जित कर रहे है। श्री राजुरकर ने बताया कि १६ जनवरी को शिव पुराण की महिमा माहात्म, नारद मोह, १७ जनवरी को शिवलिंग पूजन विधि, रुद्राक्ष महत्व, सती चरित्र, १८ जनवरी को शिव पार्वती महोत्सव, कार्तिकेय जन्म, १९ जनवरी को गणेश जन्मोत्सव, २० जनवरी को पशुपति अवतार में दानव उध्दार, २१ जनवरी को ज्योतिर्लिंग की कथाओं पर कथावाचक के द्वारा प्रवचन दिया गया। श्री राजुरकर ने बताया कि २२ जनवरी को शिवजी के अवतार पर प्रवचन दिया जायेगा एवं २३ जनवरी को हवन-पूजन एवं भंडारा रूपी महाप्रसादी वितरण के साथ ही संगीतमय महा शिवमहापुराण सत्संग का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

जय-जय श्रीराम के जयकारों के साथ निकाली गई भगवा बाईक रैली

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। २२ जनवरी को तीर्थ स्थल श्री राम जन्मभूमि में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य मंदिर का लोकार्पण समारोह कार्यक्रम संपन्न होना है। इस कार्यक्रम का उत्साह पूरे देश में दिखाई दे रहा है और पूरा देश भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन हो चुका है। साथ ही जगह-जगह भगवान श्री राम के ध्वज, मंदिरों की सजावट, लाइटिंग की व्यवस्था सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित बजरंग मंदिर से श्री बजरंग मंदिर समिति एवं सर्व हिन्दु समाज लालबर्रा के तत्वाधान में २१ जनवरी को दोपहर १ बजे मंदिर में पूजा अर्चना कर डीजे की धुन पर जय-जय श्रीराम के जयकारों के साथ विशाल भगवा बाईक रैली निकाली गई। यह भगवा बाईक रैली लालबर्रा, पांढरवानी, आमाटोला, औल्याकन्हार, पनबिहरी, मानपुर, बकोड़ा, अमोली सहित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। जिसके बाद कार सेवक बाबूलाल सरिटे, सुनील शिवले का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही २२ जनवरी को बजरंग मंदिर में प्रात: ८ बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ, हनुमान चालीसा, आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। जिसके बाद दोपहर १ बजे से चल समारोह (नगर भ्रमण), शाम ६ बजे से विशाल भंडारा और शाम ७ बजे से भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और इस चल समारोह में ३१ फीट भगवान हनुमान की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। आपकों बता दे कि इस विशाल भगवा बाइक रैली में सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठजन एवं युवाओं ने अपनी अपनी मोटरसाइकिल में भगवा ध्वज बंधकर डीजे की धुन में जय जय श्री राम का नारा लगाते हुए पूरे जोश के साथ सम्मिलित हुए और नगर मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए श्री राम जन्मभूमि में हो रहे भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम समारोह का निमंत्रण दिया। साथ ही जगह-जगह आतिशबाजी भी की गई और हिन्दु धर्मालंबियों से २२ जनवरी को अपने-अपने घरों में दीये जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील भी की है। चर्चा में श्री बजरंग मंदिर समिति लालबर्रा पदाधिकारी कपिल अवधिया ने बताया कि ५५० वर्षों की कठिन प्रतिज्ञा, हजारों बलिदान एवं संघर्ष के बाद हमारे प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन अयोध्या धाम में २२ जनवरी को संपन्न होने जा रहा है। इसी खुशी में २१ जनवरी को लालबर्रा हनुमान मंदिर से विशाल भगवा बाईक रैली निकाली गई और यह रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंच जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस रैली के माध्यम से सभी ग्रामीणजनों को २२ जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। श्री अवधिया ने बताया कि अयोध्या में १९९०-९२ में बालाघाट जिले से ३० कार सेवक गये थे जिनमें से लालबर्रा के दो कार सेवकों का शाल, श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया है और २२ जनवरी को बजरंग मंदिर लालबर्रा में प्रात: ८ बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ, हनुमान चालीसा, आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। जिसके बाद दोपहर १ बजे से चल समारोह (नगर भ्रमण), शाम ६ बजे से विशाल भंडारा और शाम ७ बजे से भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री बजरंग मंदिर समिति एवं सर्व हिन्दु समाज लालबर्रा के पदाधिकारी व रामभक्त उपस्थित रहे।

हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महिलाओं ने वान बांटकर पति की दीर्घायु की कामना

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। सदा सुहागन बनी रहो वान का परंपरागत मिलन महिलाओं के बीच में मकर संक्रांति पर्व के साथ शुरू हो गया है। भारतीय संस्कृति की इस परंपरा का निर्वहन लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रारंभ हो गया है और इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं अपने घर में वान का आयोजन कर सुहागिन महिलाओं को आमंत्रण देती है और उन्हें हल्दी कुमकुम का टीका लगाकर उनके सदा सुहागिन रहने की ईश्वर से कामना करती है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा निवासी वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा के निवास में सर्व ब्राम्हण समाज महिला मंडल लालबर्रा के द्वारा २१ जनवरी को हल्दी-कुमकुम, वान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन, गीत एवं अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और उपस्थित महिलाओं ने फिल्मी, देवी गीत व भजन की प्रस्तुती दिये तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं ने एक-दुसरे को हल्दी कुमकुम का तिलक लगाकर सामग्री भेट कर वान पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही सदा सुहागिन रहने ईश्वर से कामना की। आपकों बता दे कि भारतीय संस्कृति की परंपरा अनुसार महिलाओं को वान का कार्यक्रम आयोजित करने वाली महिला स्नेह भेट करती

है जिसमें बहुत ही साधारण वस्तुएं शामिल हुआ करती जिसकी कीमत भले ही कम हो मगर उसका भाव बहुमूल्य होता है। इसी परंपरा का निर्वहन हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के दुसरे दिन से प्रतिवर्ष वान कार्यक्रम आयोजित कर किया जाता है। सर्व ब्राम्हण समाज महिला मंडल लालबर्रा की सदस्या श्रीमती तृप्ति तिवारी ने बताया कि सर्व ब्राम्हण समाज की महिलाओं के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर होने वाले वान कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से किया गया है जिसमें सभी ब्राम्हण समाज की महिलाएं उपस्थित हुए। श्रीमती तिवारी ने बताया कि इस वान कार्यक्रम के अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसके बाद उपस्थित महिलाओं ने एक-दुसरे को हल्दी-कुमकुम का तिलक लगाकर वान का वितरण कर पति की दीर्घायु की कामना की और भारतीय संस्कृति में वान बांटकर एक-दुसरे को सुहाग की सामग्री भेंट कर पति की दीर्घायु की कामना की जाती है। श्रीमती पुष्पा दुबे ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार नये वर्ष में महिलाओं का यह वान का पर्व पहला पर्व होता है और यह मकर संक्रांति पर्व से प्रारंभ होता है, इस अवसर पर महिलाएं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित कर वान बांटने के साथ ही सुहाग की सामग्री भी भेंट करती है और ईश्वर से पति की दीर्घायु की कामना करती है। साथ ही यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से एक-दुसरे से मिलने के साथ ही आपसी प्रेम भी बना रहता है। इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज लालबर्रा के पदाधिकारी एवं ब्राम्हण समाज की महिलाएं उपस्थित रहे।

रटेगांव के मंदिरों में की गई साफ-सफाई, विविध धार्मिक कार्यक्रम आज

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रटेगांव में रामभक्तों के द्वारा ग्राम में स्थित मंदिरों एवं परिसर की साफ-सफाई कर २२ जनवरी को होने वाले

कार्यक्रमों की तैयारी की गई है। २२ जनवरी को ग्राम स्थित हनुमान मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। रामभक्तों ने बताया कि अयोध्या में २२ जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न होना है और इस अवसर पर पूरे देश में उत्साह का माहौल निर्मित हो चुका है। इसी कड़ी में खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में भी रामभक्तों के द्वारा २२ जनवरी को ग्राम स्थित मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित कर अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। जिसके लिए रामभक्तों के द्वारा ग्राम स्थित मंदिरों व ग्राम को ध्वज, तोरन, लाइटिंग से सजाया गया है और रैली निकालकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

अमोली बजरंग मंदिर में मनाया जायेगा दीप महोत्सव आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली स्थित बजरंग मंदिर में २२ जनवरी को दीप महोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए हनुमान मंदिर समिति पदाधिकारियों ने बताया कि २२ जनवरी को रघुनंदन श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, भव्य श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम में होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में अमोली स्थित बजरंग मंदिर से २२ जनवरी को प्रात: ८ बजे बाईक रैली निकाली जायेगी जो लालबर्रा बस स्टैण्ड होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी, प्रात: १० बजे से कलश यात्रा नगर भ्रमण, दोपहर २ बजे से हवन-पूजन, महाप्रसादी का वितरण, शाम ५ बजे पुन: विशाल बाईक रैली निकलेगी और शाम ७ बजे अयोध्या राम मंदिर के लाईव का प्रसारण उपस्थितजनों को दिखाया जायेगा। जिसके बाद २१०० दीपों से मंदिर में दीप महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील श्री बजरंग मंदिर अमोली के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

खुले आसमान में रखी हजारों क्विंटल धान भीगी

बारिश में भीगी उपज का परिवहन ना होने से बनी समस्या





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र में २० जनवरी की रात में अचानक झमाझम बारिश प्रारंभ हो गई। जिसमें वारासिवनी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बुदबुदा ,कोस्ते ,धानेगांव ,कायदी सहित अन्य धान उपार्जन केंद्रों में खुले आसमान के नीचे रखी गई धान भीग गई। वहीं देर रात भी यह बारिश की हल्की बूंदाबांदी हुई ऐसी स्थिति में समिति के द्वारा उपज को बचाने का भरपूर प्रयास किया गया परंतु संसाधनों की कमी से आगे वह भी नतमस्तक रहे इस परिस्थिति में धान को बारिश में भीगने पड़ा। आपको बता दे की १९ जनवरी की देर रात धान खरीदी कार्य समाप्त हो गया इसी के साथ समिति के द्वारा समस्त खरीदे गये धान को स्टेक लगाकर रख दिया गया था। परंतु समय रहते जिला प्रशासन के धान परिवहन प्रभारी के द्वारा तत्परता नहीं दिखाई गई इसके कारण समिति परिसर में हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखी हुई थी। बीते दो दिनों से मौसम नरम गरम हो रहा था परंतु २० जनवरी की रात करीब ८ बजे अचानक तेज बारिश प्रारंभ हो गई जो करीब २० मिनट तक चली । इसके बाद देर रात में भी बारिश होती रही इससे खुले आसमान के नीचे रखे हुए धान को बारिश से भीगने पड़े। यह जो डंप धान है वह जमीन पर रखा हुआ है और केवल ऊपर से ढाक दिया गया है जिससे आसपास से पानी उतरने या नीचे जमीन में पानी जमा होने पर धान से भरी बोरिया गीली हो गई। बारिश से उपज को बचाने में असमर्थ होने का मुख्य कारण समिति के पास पर्याप्त व्यवस्था ना होना बताया जा रहा है। वर्तमान में १०००० से अधिक क्विंटल धान अधिकतर समितियों में रखी हुई है। उक्त संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा करने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया परंतु संपर्क नहीं हो पाया।

अधिकारियों की लापरवाही से हजार क्विंटल भीगी धान- जियालाल भोरगढ़े

कृषक जियालाल भोरगढ़े ने पदेश से चर्चा में बताया कि यह धान खरीदी कार्य वर्षो से किया जा रहा है जिसकी हर जानकारी शासन प्रशासन को है कि कब क्या स्थिति हो सकती है । किंतु अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मौसम जबकि खराब चल रहा है तो पर्याप्त व्यवस्था समिति को रखनी चाहिए परंतु वह धान की सुरक्षा करने में असमर्थ दिख रहे हैं। यह उनका मुख्य काम है पर सुरक्षा अच्छी नहीं है तो बारिश में धान भीग गया है। परिवहन ना होने से बड़ी मात्रा में धान सोसायटी पर रखा हुआ है । और जब इतनी धान का परिवहन ही नहीं हुआ है तो किसानों को इसका भुगतान भी नहीं हो पाया है। जिस पर जिला प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्य करना चाहिए।

परिवहन ना होने से बनी है समस्या- कन्हैया खैरवार

सिकन्द्रा सरपंच कन्हैया खैरवार ने पदेश से चर्चा में बताया कि धान उपार्जन कार्य ठीक रहा और जो रख रखाव है वह भी ठीक है । पर परिवहन नहीं होने से समस्या बन रही है क्योंकि व्यवस्था से ज्यादा धान का भंडारण पड़ा हुआ है। ऐसे में अचानक बारिश होने से धान भीग गई और किसानों को भी इससे समस्या हुई है और खरीदी की तारीख भी खत्म हो गई है । जबकि अभी कई किसान छूट गए हैं जिन्हें अवसर देने के लिए तिथि को आगे बढ़ना चाहिए। अब रात में जो बारिश हुई उसमें जितना ढक सकते थे उतना ढकने का प्रयास किया गया परंतु उसके बाद भी बहुत धान खुला रह गया था। इसमें जो नुकसान हुआ है उसका अंदाजा लगाना अभी संभव नहीं है यह सब परिवहन कार्य के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

विश्वकर्मा मंदिर से निकली शोभायात्रा

२१ जनवरी की शाम करीब ६.३० बजे शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा मंदिर से निकालकर विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पर महाआरती करने के उपरांत यह शोभायात्रा वापस विश्वकर्मा मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भगवान श्री राम, लक्ष्मण ,माता सीता ,हनुमान सहित अनेक भगवानों की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही वहीं जमकर जय सियाराम के उद्घोष लगाए गए। विश्वकर्मा मंदिर में सुबह से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया गया। उक्त संबंध में वार्डवासियों ने बताया कि अयोध्या में २२ जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है जिसको लेकर महोत्सव के रूप में यह उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्डवासियों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा मंदिर में करीब एक पखवाड़े से विभिन्न कार्यक्रम जैसे भजन ,कीर्तन ,अभिषेक पूजन किया जा रहा है। एक लंबी प्रतीक्षा के बाद यह अवसर आया है कि हम सभी अपने आराध्य को अपनी आंखों के सामने विराजित होता देख रहे हैं जिसका समापन २२ जनवरी को किया जाना है। इसी कड़ी में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहों को भ्रमण करते हुए जगह जगह लोगों को जागृत करने का कार्य करती रही । जिसका समापन वापस विश्वकर्मा मंदिर में किया गया। २२ जनवरी को भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं ,जिसमें नगर सहित क्षेत्र के लोगों से अपील है कि वह आधिकारिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

नहीं मिल रहा रोजगार

मजदूर कर रहे अन्यत्र प्रदेश के लिये पलायन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रोजगार की तलाश में से हम लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं इसी वजह फिर एक बार मजदूरों का पलायन प्रारंभ होना शुरू हो गया हैं। यह मजदूर ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के हैं जो नागपुर महाराष्ट्र के अलावा हैदराबाद की तरफ अपनी रोजी रोटी कमाने जा रहे हैं। ऐसा नहीं हैं कि यह मामला एक ही ग्राम पंचायत का हैं कई अनेक ग्राम पंचायत हैं जहां के मजदूर रोजगार नहीं मिलने के कारण अन्यत्र राज्य में जाकर मजदूरी करने मजबूर हैं। गौरतलब हैं कि वर्तमान समय में मनरेगा के तहत होने वाले अधिकांश ग्रामो में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। जिसकी वजह से मजदूर अन्य राज्यों की तरफ रोजगार के लिये पलायन कर रहे हैं।

रोजगार की तलाश में जा रहे हैदराबाद व नागपुर

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी जानकारी देते हुये मजदूर नंदलाल बघाड़े ने बताया कि हम लोग झालीवाड़ा के निवासी हैं। ग्राम में काम धंधा नहीं हैं इस वजह से हम लोग नागपुर रोजगार की तलाश में जा रहे हैं। हमें उम्मीद थी की वर्तमान समय में होने वाले विकास कार्य में रोजगार मिलेगा मगर ऐसा नहीं हो पा रहा हैं जिसकी वजह से ही हम लोग पलायन कर रहे हैं। इसी तरह ग्रामीण राजकुमार चौधरी ने पद्मेश को बताया कि वे लोग हैदराबाद या फिर नागपुर में काम धंधे की तलाश में जा रहे हैं। ग्राम में फिलहाल हमे किसी प्रकार का कार्य नही मिल रहा हैं। जिसकी वजह से हम पलायन करने मजबूर हैं।

इनका कहना है

इस संबंध में दूरभाष पर जानकारी देते हुये ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अशोक शरणागत ने बताया कि हम मजदूरों का पलायन रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हम यही चाहते हैं कि ग्राम में विकास कार्य के द्वार खुले ताकि ग्रामीणों को कार्य मिले। शासन प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिये और ग्राम के विकास के लिये मनरेगा सहित कई योजना की राशि पंचायत के खाते में डालनी चाहिये। हमारी पंचायत के द्वारा इन मजदूरों को किसी न किसी कार्य में लगवाकर इनका पलायन रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं।

अशोक शरणागत
ग्राम पंचायत प्रतिनिधी झालीवाड़ा

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ की आवश्यक की बैठक संपन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में रविवार को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वारासिवनी खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष संजय राणा सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा दिनांक २ सितम्बर २०२३ को अतिथि शिक्षकों की महापंचायत का आयोजन किया गया था। उनके द्वारा की गई घोषणाओं को केबिनेट के द्वारा लागू कर आदेश जारी करवाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें अतिथि शिक्षकों को २५ प्रतिशत के स्थान पर ५० प्रतिशत आरक्षण शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा के नियम पुस्तिका में लागू किया जाए। अतिथि शिक्षकों को उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रति वर्ष ४ अंक तथा अधिकतम २० अंक बोनस के रूप में स्कुल शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा में दिया जायें, अतिथि शिक्षकों का अनुबंध पूरे एक साल के लिये लागु किया जायें,अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा लेकर गुरूजी की तर्ज पर नियमितीकरण करने हेतु निति बनाई जायें। उपरोक्त बिंदुओं को वर्तमान में चल रही प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा २०२३ के नियम पुस्तिका में संशोधन कर इन घोषणाओं को शामिल कर आदेश जारी किया जायें, ताकि अतिशीघ्र अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके, सभी को घोषणाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर विकासखण्ड अध्यक्ष संजय राणा ,उपाध्यक्ष नोपेन्द्र राहंगडाले ,रविन्द्र उरकुडे ,कार्यकारी अध्यक्ष मोहित बिसेन ,कार्यकारिणी संयोजक गोपीचंद शरणागत, सहसंयोजक दिलिप सिंह पटले, सचिव श्रीमती दीपकला राहंगडाले ,कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती स्वाती पटले ,कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पटले ,सहकोषाध्यक्ष विजेन्द्र समरिते, मिडिया प्रभारी प्रेमेन्द्र पारधी ,सहसचिव देवेन्द्र पंचेश्वर, कृष्णा अमुले ,मार्गदर्शक दुधनलाल ठाकरे ,श्रीमती भुमिका लिल्हारे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अतिथि शिक्षकों के लिये पूर्व में की गई घोषणा एक प्रलोभन लग रहा है- संजय राणा

ब्लॉक अध्यक्ष संजय राणा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि विधानसभा चुनाव के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अतिथि शिक्षकों की महापंचायत बुलाकर प्रलोभन स्वरूप अनेको बातें कहते हुए कुछ घोषणाएं की गई थी। जिसमें अतिथि शिक्षको का वेतन वृद्धि, नियमितीकरण की योजना,५० प्रतिशत आरक्षण, वार्षिक सेवा सहित अनेक प्रकार की घोषणा की गई और प्रचारित भी किया गया था। परंतु वर्तमान तक केवल अतिथि शिक्षको को वेतन के अलावा किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिला है ,आज प्रत्येक अतिथि शिक्षक अपने भविष्य को लेकर परेशान है। शासन प्रशासन के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि हम उनसे अपने मन के अनुसार मांग नहीं कर रहे हैं जो प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था वही मांग रहे हैं । जिस पर सरकार बनी है परंतु वह भी सरकार हमें नहीं दे पा रही है ऐसे में लग रहा है कि यह सरकार घमंड में चूर हो गई है।

सरकार को वादा करके मुंह नहीं फेरना चाहिए -हेमलता पारधी

श्रीमती हेमलता पारधी ने बताया कि अतिथि शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें अतिथि शिक्षको को हो रही परेशानियों को लेकर चर्चा की गई । इसमें एक बड़ा विषय यह रहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा को वर्तमान तक अमल में नहीं लाया गया है। जिसके कारण हमें ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वर्ष २०१३ से मेरे द्वारा अतिथि शिक्षक के रूप में सेवा दी जा रही है परिवार हमारा भी होता है सरकार को वादा करके मुंह नहीं फेरना चाहिए जब कहा है तो करना चाहिए। आज हमारे साथ नौकरी से आते जाते समय कभी कुछ हो जाता है तो हमारे पास कोई सुविधा नहीं है। सरकार को इधर ध्यान देते हुए नियमित कर्मचारियों की तरह हमें भी लाभ दिया जाना चाहिए ताकि हमारा भी परिवार सुरक्षित हो सके।

कौलीवाड़ा के गायत्री शक्तिपीठ से निकली कलश शोभायात्रा

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा में आज गायत्री शक्तिपीठ धाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया और पुन: मंदिर में पहुँची। जहां इस यात्रा का विधि विधान से समापन हुआ। २२ जनवरी को अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम के मंदिर शुभारंभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में २१ जनवरी से अखंड रामायण पाठ का आयोजन आयोजित किया गया हैं जिसका समापन हर्षोल्लास के साथ आस्था पूर्वक २२ जनवरी को किया जायेगा। भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने को लेकर ही ग्रामीणो ने इस शोभायात्रा का आयोजन किया था। इस संबंध में जानकारी देते हुये अर्जुन लाल राहंगडाले ने पद्मेश को बताया कि २१ जनवरी को हमारे ग्रामवासियों ने कलश शोभायात्रा निकाली हैं। यह शोभायात्रा अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई हैं। वर्तमान समय में हमारे शक्तिपीठ धाम में अखंड रामायण पाण का आयोजन हो रहा हैं। जिसका २२ जनवरी को समापन होगा। समापन पश्चात हम लोग विशाल महाप्रसादी का वितरण करेंगे। जिसमें हम ग्राम सहित क्षेत्र के श्रध्दालु भक्तों से उपस्थिति की अपील करते हैं। वही कलश यात्रा में शामिल श्रीमती कोमेश्वरी गौतम ने पद्मेश को बताया की यह कलश शोभायात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण कर हनुमान मंदिर व गायत्री शक्तिपीठ पहुँचेगी जहां इस यात्रा का समापन होगा। मंदिर में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ चल रहा हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हमने आज २२ जनवरी को रामलला की अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया हैं। बहरहाल इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाऐं उपस्थित रही जो आज होने वाले भगवार श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साहित दिखी।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

आसन्न चुनाव की अनदेखी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की देशव्यापी यात्रा के दूसरे संस्करण का मुद्दा न्याय है, लेकिन इसमें पहले संस्करण की थीम 'सौहार्द के आह्वान' को भी बनाये रखा गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से, इसकी शुरुआत संघर्षग्रस्त मणिपुर से हुई और समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा। इस दौरान यह यात्रा 15 राज्यों से गुजरते हुए 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। राहुल गांधी का इरादा रोज कुछ किलोमीटर पैदल चलकर लोगों से बातचीत करने, और फिर बाकी की दूरी एक बस से तय करने का है। यह यात्रा 11 दिन पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहेगी, जो कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, लेकिन अब वहां भाजपा और उसके सहयोगियों का दबदबा है। बंगाल में प्रवेश से पहले, यह यात्रा असम में 900 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। लगातार 15 साल शासन में रहने के बाद कांग्रेस ने इस राज्य को 2016 में भाजपा के हाथों गवां दिया। उत्तर प्रदेश में, राहुल गांधी जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में पैठ बनाने की कोशिश करेंगे और इसके जरिए सामाजिक न्याय के अपने मुद्दे के लिए समर्थन जुटायेंगे। एक ऐसे समय में जब भाजपा का अभियान अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन पर टिका हुआ है, कांग्रेस, जवाब के रूप में, जातीय न्याय के अपने नये मुद्दे के इस्तेमाल की कोशिश कर रही है। राजनीतिक गोलबंदी के औजार के रूप में सामाजिक न्याय की क्षमता को आजमाने के लिए उत्तर प्रदेश से बेहतर दूसरी जगह नहीं हो सकती और राहुल गांधी को अमेठी (जिसे वह 2019 में हार गये थे) या प्रदेश की किसी अन्य सीट से लड़ने के सवाल का सामना भी करना होगा।

राहुल गांधी को उम्मीद है कि जनता का ध्यान महंगाई, नौकरियों की कमी, और दलितों, आदिवासियों, ओबीसी व अल्पसंख्यकों जैसे सामाजिक समूहों को कथित रूप से हाशिए पर डाले जाने पर केंद्रित होगा। वह और उनकी पार्टी इस यात्रा को आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए किसी तात्कालिक चुनावी उम्मीद से अलग रखना चाहते हैं। वे इसकी कल्पना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- भाजपा के खिलाफ एक वैचारिक चुनौती के रूप में करना चाहते हैं। यह सच है कि सिर्फ चुनाव जीतने के लिए होने वाली राजनीति कई तरीकों से समाज के लिए नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन चुनावी मुकाबलों की उपेक्षा करने की दूसरी अति भी विपरीत नतीजे वाली है। आखिरकार, चुनाव विचारधाराओं के इम्तिहान भी हैं। दक्षिण से उत्तर तक यात्रा के पहले चरण ने राहुल गांधी के लिए सद्भावना अर्जित की और तेलंगाना में कांग्रेस की जीत में शायद मदद भी की, जहां पार्टी के लिए संभावनाएं अचानक पक्ष में हो गयीं। लेकिन पार्टी ने उस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को भाजपा के हाथों गंवा दिया, जहां वैचारिक लड़ाई तीखी है। इस यात्रा के जरिए राहुल गांधी को अपनी स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देनेवाले सबसे भरोसेमंद नेता के रूप में सुदृढ़ करनी होगी, लेकिन विपक्ष के लिए एक कारगर चुनावी रणनीति बनाने की खातिर इतना काफी नहीं है। सवाल है कि क्या राहुल गांधी उस दूरी को तय करसकते हैं।

जो स्वयं प्रकट हुए वे रामलला विराजिए मंदिर में!

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को एके पत्र लिखा है,इस पत्र में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सवाल उठाए हैं कि राम मंदिर परिसर में अगर नई मूर्ति की स्थापना होगी, तो जो रामलला वर्तमान में विराजमान है,उनका क्या होगा ?नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में नवीन मूर्ति की स्थापना हो रही है, जबकि श्रीरामलला पहले से ही विराजमान हैं। अभी तक सभी राम भक्त यही समझते थे कि यह नया मंदिर श्रीरामलला विराजमान के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन जब 18 जनवरी को नई मूर्ति निर्माणाधीन मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठा के लिए स्थापित हुई इससे यह आशंका है कि कही श्रीरामलला मौजूदा विराजमान मूर्ति की उपेक्षा ना हो जाए। जो राम अपनी जन्मभूमि पर स्वयं प्रकट हुए हैं, जिसकी गवाही मुस्लिम चौकीदार ने भी दी है।जिन्होंने जाने कितनी परिस्थियों में वहां पर प्रकट होकर डटकर सामना किया है।

जिन्होंने सालों साल टेंट में रहकर धूप, वर्षा और ठंड सही है।

जिन्होंने न्यायालय में स्वयं का मुकदमा लड़ा और जीता है।

जिनके लिए भूटान नरेश राजा महताब सिंह, रानी जयराजराजकुंवर, पुरोहित पं देवीदीन पांडेय, हंसवर के राजा रणविजय सिंह, असंख्य संतों, निर्मोही अखाड़े के महंत रघुवर दास जी, अभिराम दास जी, महंत राजारामाचार्य जी, दिगम्बर के परमहंस रामचंद्र दास जी, गोपाल सिंह विशारद जी, हिंदू महासभा, कोठारी बंधु शरद जी और रामजी तथा शंकराचार्य और संन्यासी अखाड़ों आदि समेत लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया और जीवन समर्पित किया।उस राम के विग्रह को राम मंदिर में क्यो मुख्य स्थान नही दिया गया।जब अयोध्या में ज़मीन के स्वामित्व का मामला अदालत में पहुँचा था, तो भगवान रामलला जो पहले से ही विराजित है, मुक़दमे में मुख्य याचिकाकर्ता बने थे।रामलला की यह प्रकट हुई मूर्ति कैसे सामने आई और उसकी राम मंदिर से जुड़े आंदोलन में क्या भूमिका रही, इस बारे में सन 1992 से राम जन्मभूमि मंदिर के प्रमुख पुजारी रहे आचार्य सत्येंद्र दास बताते है कि , 卐नए वाले भगवान राम का तो भव्य मंदिर बन गया है, लेकिन ज़्यादा महत्व इन्हीं (सन1949 में प्रकट हुए रामलला) का है।

वह कहते हैं, इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील देवकी नंदन अग्रवाल ने रामलला विराजमान के सखा की हैसियत से मुक़दमा दायर किया था कि बालक रूप में रामलला वहाँ पर विराजमान हैं। कोर्ट को इसका सबूत दिया गया। कोर्ट ने इन्हीं



रामलला विराजमान के आधार पर फ़ैसला दिया कि यही राम जन्मभूमि है। इसी के बाद मंदिर बनना शुरू हुआ।

आचार्य सत्येंद्र दास बताते हैं, जितना विवाद हुआ है और जो कोर्ट में मुक़दमा लड़ा गया वो पहले से मौजूद रामलला विराजमान के नाम से लड़ा गया। इन्हीं के नाम पर सुप्रीम कोर्ट ने हुक्मनामा दिया है। अब मंदिर बन गया है तो इसलिए जैसे रामलला विराजमान की पूजा-अर्चना पहले से होती रही, उसी प्रकार से होती रहनी चाहिए।उनके मुताबिक़ जहाँ नए रामलला रखे जाएंगे, वहीं पर पुराने रामलला भी रखे जाएंगे।

आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार, सभी संप्रदाय अपनी पद्धति के हिसाब से रामलला विराजमान की पूजा अर्चना करते रहे हैं। 16 मंत्रों से एक-एक वस्तु को भगवान को समर्पित किया जाता है।राम के साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न, सभी भाइयों की पूजा होती आई है। अब जो भव्य मंदिर बना है, उसी में इनकी भी स्थापना होगी।

पहले मूर्ति गुम्बद (मस्जिद के) के नीचे थी, जब 6 दिसंबर सन 1992 को गुम्बद ढह गया तो फिर यह मूर्ति तिरपाल में रखी गईं और वहां पूजा होती रही। फ़िलहाल यह एक अस्थायी लकड़ी के मंदिर में हैं।इसी लकड़ी के मंदिर में सारी सुविधाएं हैं।यहीं पर फ़िलहाल पूजा हो रही है और दर्शनार्थी दर्शन कर रहे हैं।बाद में ये मूर्ति भव्य मंदिर में चली जाएगी।भगवान राम के टेलर भगवत प्रसाद कहते हैं कि जब रामलला विराजमान गुम्बद में थे तो साल में उनकी एक ही पोशाक बनती थी।गुम्बद गिरने के बाद जब रामलला टेंट में आ गए तो केंद्र सरकार की तरफ़ से एक साल में सात बार रामलाल की पोशाक बनती थी। रामलला का यह विग्रह ज़्यादा बड़ा नहीं हैं, 7 से 8 इंच का हैं। भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न सब एक ही नाप के हैं, बाल स्वरूप हैं और घुटनों के बल बैठे हुए हैं।

जब से रामलला लकड़ी के मंदिर में आए हैं, तब से टेलर भगवत प्रसाद को दर्शन करने आने वाले राम भक्तों से भी वस्त्र बनाने के आर्डर मिलने लगे थे।वो चारों भाइयों, भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के वस्त्र सिलने का काम करते हैं। मौजूदा मंदिर में भगवान हनुमान और शालिग्राम भी विराजमान हैं।भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 1950 से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भगृह में ही प्रतिष्ठित की जाएगी।अभी तो केवल मुख्य मूर्ति की स्थापना हुई है और जब प्रथम तल तैयार हो जाएगा, तब भगवान राम के दरबार की मूर्तियाँ लगेंगी।रामजन्मभूमि पर भगवान रामलला की स्थापित होने वाली ये चौथी मूर्ति है।इससे पहले की भगवान राम की तीन मूर्तियों का इतिहास रहा है। राजा विक्रमादित्य से लेकर बाबर और आज तक रामलला की मूर्तियां बनती और बदलती रहीं है।

कहते हैं कि अयोध्या का पुनर्निमाण उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने करवाया था। उन्होंने ही यहां भव्य राम मंदिर का निर्माण किया था। उस समय उन्होंने पहली बार यहां रामलला की स्थापना की थी, लेकिन 500 साल पहले मुग़ल बादशाह बाबर ने इस मंदिर को तोड़कर यहां मस्जिद का निर्माण करवा दिया था,कहते हैं कि उस समय मंदिर के पुजारी ने प्रतिमा को अपमान से बचाने के लिए सरयू नदी में प्रवाहित कर दिया था जो 220 साल तक नदी में सुरक्षित रही। 18वीं सदी में एक पुजारी के स्वप्न में राम प्रकट हुए। एक मान्यता यह भी है कि बाबर ने जब मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया तो ओरछा की महारानी अयोध्या से इस मूर्ति को ले आईं थी। वह मूर्ति ही आज भी ओरछा के मंदिर में विराजमान है। इस मंदिर के धनुर्धर राम राजा ही अयोध्या के रामलला हैं।सन 1949 की 22-23 दिसंबर की रात को विवादित ढांचे में रामलला की एक प्रतिमा मिली। रामभक्तों ने कहा कि रामलला स्वयं प्रकट हुए हैं,ये बात आग की तरह अयोध्या और आसपास के इलाक़ों में पहुंच गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। विवाद बढ़ने के बाद जिला जज ने विवादित ढांचे पर ताला लगवा दिया। 6 दिसंबर सन1992 तक ये दूसरी राम की मूर्ति यहां स्थापित रही।

रामलला की तीसरी प्रतिमा की कहानी 6 दिसंबर 1992 से ही शुरू होती है ,जब विवादित ढांचे के विध्वंस के दौरान रामलला की मूर्ति ग़ायब हो गई। पौने चार बजे तक मस्जिद का मुख्य गुंबद ढह गया था, जिसके बाद कारसेवक जल्द से जल्द ज़मीन के समतल करके वहां रामलला को स्थापित करना चाहते थे, तभी वो जो मूर्ति लाए थे वो गायब हो गई।

जैसे अयोध्या नगरी कई बार उजड़ी और बसी है,वैसे ही यहाँ रामजन्मभूमि पर रामलला की प्रतिमाएँ भी बदलती रही है ।ये चौथी मूर्ति हो जो मंदिर में विराजित की गई है।गर्भगृह में स्थापित की गई मूर्ति प्रभु रामलला के पाँच वर्षीय बाल स्वरूप की है, जिसमें बालक की कोमलता के साथ प्रभु का तेज भी शामिल हैं। इसे मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है।

रामजन्मभूमि पर भगवान रामलला की स्थापित होने वाली ये चौथी मूर्ति है। तत्कालीन पीवी नरसिम्हा राव सरकार भी मूर्ति स्थापना को लेकर बेहद सक्रिय थी, ऐसे में राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र जो कांग्रेसी बैकग्राउंड से उनके घर से रामलला की मूर्तियां लाईं गईं, जिन्हें उनकी दादी ने अस्थाई मंदिर में रखा था,तभी इन मूर्तियों को वहाँ स्थापित कर दिया गया।

आज जब रामभक्तों का पाँच सौ साल पुराना सपना साकार हो रहा है।अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया हैं तो मंदिर के गर्भगृह में नई प्रतिमा स्थापित की गई है। भगवान राम की यह बाल स्वरूप खड़ी मूर्ति है, ताकि श्रद्धालु दूर से ही अपनी भगवान के दर्शन कर सकें।लेकिन लोगो की इच्छा है कि जो राम विग्रह स्वयं प्रकट हुआ वही राम मंदिर में विराजित हो।

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

रामलला कहिन, बेफिक्र रहिन...

अक्सर मै भी ख्वाब देखता हूँ। मेरे ख्वाबों में भी न जाने कौन-कौन आता है,जाता है। बतियाता है। कभी-कभी ख्वाबों में चिर-परिचित लोग मिलते हैं ,कभी एकदम अपरिचित ,अगर सभी ख्वाब याद रह पाते तो मै उन्हें लिपिबद्ध कर एक बड़ा साहित्यकार बन सकता था। मुझे हैरानी है कि अभी तक मुझे ख्वाबों में आकर रामलला ने डिस्टर्ब नहीं किया जबकि मै रोज स्नान-ध्यान के बाद उन्हें डिस्टर्ब करता हूँ । उनका सुमरन करता हूँ। वे मुझे बचपन से आकर्षित करते हैं,इसलिए मै हमेशा उनके प्रति सतर्क और चिंतित रहता हूँ।

कल दोपहर अचानक मोबाइल पर अनाम नंबर से घंटी बजी तो मै चौंका। उत्सुकतावश फोन उठाया तो दूसरी और से आवाज आई- का हो पहचाना की नहीं ?

मै तनिक अचकचाया और फिर अपना अज्ञान छिपाते हुए कहा- एकदम से याद नहीं आ रहा लेकिन आपकी आवाज सुनी-सुनाई लग रही है

दूसरी तरफ से खनकती हंसी सुनाई दी ,फिर फोनकर्ता ने कहा - अयोध्या से बोल रहा हूँ ,तुम्हारा रामलला मुझे भी हंसी आ गयी । लगा कोई अपना मजाक कर रहा है ,किन्तु सामने वाले ने मेरी हंसी को गंभीरता से नहीं लिया। कहा - मत हंसो बेटा मै ही बोल रहा हू। तुम्हारा लिखा रोज पढता हूँ । तुम्हारी चिंताओं से वाकिफ हूँ,इसलिए तुम्हें फोन किया कि -घबड़ाओ नहीं ,भारतवर्ष में धर्मनिरपेक्षता का बाल-बांका नहीं होने वाला।

अब मुझे भी गंभीर होना पड़ा । मैंने कहा -नहीं हुजूर ! आजकल आपकी अयोध्या में जो काण्ड चल रहा है उससे मै ही नहीं बल्कि समरसता में भरोसा करने वाले,संविधान का सम्मान करने वाले करोड़ों लोग चिंतित हैं ,कि आखिर देश किस दिशा में जा रहा है ?

रामलला बोले-पागल हो तुम और तुम्हारे जैसे लोग ! अरे बाबा जिस देश को मेरे परम भक्त महात्मा गाँधी ने अंग्रेजों से लड़कर आजाद कराया हो ,उस देश को मैं इस तरह से बर्बाद होने दूंगा ? मै भी तमाशा देख रहा हूँ खड़ा-खड़ा। मेरी आँखों पर हालाँकि पट्टी बाँधी गयी है किन्तु मुझे सब कुछ साफ़-साफ़ दिखाई दे रहा है उन्होंने मुझे आश्वस्त किया।

तुम्हे पता है कि अयोध्या में दुनिया को जो दिखाया जा रहा है वैसा कुछ है नहीं। अयोध्या में सब कुछ पहले जैसा है । और तो और मेरे मंदिर क्षेत्र का पार्षद भी गैर भाजपाई है। अयोध्या का फैज जैसा पहले था वैसा ही आज भी है ,भले ही जिले का नाम अब फैजाबाद नहीं है। । यहां आज भी समरसता है । यहां आज भी आचार्य नरेंद्र देव् के नाम का रेलवे स्टेशन है। नया टेशन तो आप लोगों को टेंशन देने के लिए बनाया गया है। नया हवाई अड्डा भी शायद इसीलिए बनाया गया है अन्यथा मेरे दर्शन करने वालों में कितने हैं जो हवाई किराया खर्च कर सकते हैं। उनके लिए तो रेलों का जनता क्लास ही ठीक था। रामलला ने एक ही सांस में सब कुछ कह दिया।

ये तो ठीक है ,लेकिन आप किसी को रोक भी तो नहीं रहे ! मैंने प्रतिप्रश्न किया।

देखते जाओ ! सब मन का धन कर रहे हैं,कर लेने दो। जो ये सब कर रहे हैं वे मेरे नाम से सत्ता में आना चाहते हैं ,लेकिन मै ऐसा होने नहीं दूंगा । मैंने राजीव गांधी को भी अपने नाम का लाभ नहीं लेने दिय। मैंने 1993 में भी मस्जिद गिराने वाले अपने उपद्रवी भक्तों को उत्तर प्रदेश की सत्ता तक नहीं पहुंचाया। मै गलत होने ही नहीं देता । रामलला ने सफाई दी। मेरी झक्की खुली । मुझे लगा बंदा कह तो सही रहा है । यानि मुझसे बात करने वाला कोई सिरफिरा नहीं बल्कि असली रामलला है।

बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए मैंने सवाल किया - अयोध्यानाथ ! ये तो बताइये की आपको इतनी लकझक देखकर खुशी नहीं होती ?

बिलकुल नहीं एक सपाट सा उत्तर मिला सामने से। अयोध्यानाथ बोले- तुम देख रहे हो मेरी अयोध्या का क्या हाल कर दिया है ,,,पूरी अयोध्या नगरी क?िले में तब्दील हो गई है। ब्लैककैट कमांडो, बख्तरबंद गाड़ि?यां, एंटी ड्रोन सिस्टम, एआई से लैस कमांड कंट्रोल सिस्टम के साथ हजारों जवान और अफसर सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। आखिर मेरे अपने घर में मुझे किससे खतरा है ? और जिन्हें खतरा है वे यहां आ ही क्यों रहे हैं रंग में भंग करने ! क्या मेरे ये भक्त नहीं जानते की जिसका मुझमें भरोसा है वो असुरक्षित हो ही नहीं सकता ?

रामलला का सवाल और गुस्सा जायज था ,लेकिन मै अकिंचन क्या जबाब देत। मैंने कहा- मुमकिन है वे आपके लिए चिंतित हों ,इसलिए इतना तामझाम किया गया ह। आखिर आप यहां के राजा हैं !

मेरी बात सुनकर रामलला बिदक गए । कहने लगे- तुम भी मेरा मजाक उड़ा रहे हों ! मेरी अयोध्या 21-22 जनवरी को आम जनता के लिए बंद रहेगी. 22 जनवरी को बिना निमंत्रण वाले लोगों को भारी परेशानी हो सकती है। सुरक्षा में सीआरपीएफ से लेकर यूपी पुलिस की तैनाती की गई है। भारी वाहनों की आवाजाही पर इस दिन रोक रहेगी। पूरे शहर में 10 हजार सीसीटीवी कैमरे हर हलचल पर नजर रखेंगे। पहली बार यहां यहां चेहरे की पहचान करने वाले एआई कैमरे लगाए गए हैं। ये अफसोसजनक है ,क्या मै अपने भक्तों से ही असुरक्षित हो गया हूँ ? क्या मै अपने भक्तों के चेहरे नहीं पहचानता ? रामलला ने मुझे से प्रतिप्रश्न किया।

मेरे मोबाइल की बैटरी इस गर्मागर्म संवाद को सुनकर गर्म होने लगी थी । मुझे लगा कि कहीँ बैटरी हाथ में ही फट न जाये। मैंने कहा -मालिक मै तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना आपका नया मंदिर देखने अभी आ नहीं सकता । बहुत सर्दी है । मौक़ा मिला तो आम चुनाव के बाद आऊंगा। अभी तो भाजपा वाले ही साढ़े तीन करोड़ लोगों को लेकर आपकी आयोध्या आने वाले हैं।

मेरी बात सुनकर रामलला हँसे। कहने लगे - बड़े विनोदी हो तुम ,जब मौका मिले तब आ जाना,न आ सको तो मै खुद तुम्हारे पास प्रकट हो जाऊँगा। मै व्यापक सर्वत्र समाना,

मेरा दिल खुश हो गया ,लेकिन बातचीत का सिलसिला आगे नहीं बढ़ पाया । मेरे मोबाइल की बैटरी अचानक जबाब दे गय। मै कभी मोबाइल की बैटरी को कोस रहा था और कभी अपने नसीब को। जय सियाराम।

-राकेश अचल

देश के स्वाभिमान की पुर्नस्थापना है रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

आज सौभाग्य का पावन अवसर है। सैकड़ों वर्षों बाद यह शुभ घड़ी आई है...अयोध्या में अपने जन्मस्थान पर रामलला विराजमान हो रहे हैं। पूरे संसार के सनातनी हर्षित, आनंदित और प्रफुल्लित हैं। समूचे विश्व में जयश्रीराम गुंजायमान है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह सुखद दृश्य देखने का अवसर मिला है। श्रीराम की गरिमा के अनुरूप मंदिर निर्माण के लिये पीढ़ियों ने पांच सौ वर्ष तक संघर्ष किया इसमें अनगिनत बलिदान हुए।

राम मंदिर हमारी संस्कृति, हमारी आस्था, राष्ट्रीयत्व और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। यह सनातन समाज के संकल्प, संघर्ष और जिजीविषा का ही परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर निर्माण का सपना साकार हो रहा है। यह उमंग और उत्सव का अवसर है,समूचा समाज उल्लास के साथ खुशियां मना रहा है।

राजा राम प्रत्येक भारतीय और विश्व में व्याप्त सनातनियों के आदर्श हैं। वे सत्यनिष्ठा के प्रतीक, सदाचरण और आदर्श पुरुष के साकार रूप मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम जन्मस्थान मंदिर निर्माण के हर्षोल्लास के साथ हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। कर्तव्यपथ पर प्रतिबद्ध श्रीराम के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे सबके थे और सबको साथ लेकर चलते थे। सबका विश्वास अर्जित करने के लिये अपने सुखों का भी त्याग कर देते थे। वे जितने वीर थे, मेधावी थे उतने ही सहनशील भी। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थिति कभी उन्हें विचलित नहीं कर सकती थीं।

प्रजावत्सल राजा राम के लिये न्याय और राजधर्म सर्वोपरि था। इन्हीं अद्भुत विशिष्टताओं के कारण श्रीराम को आदर्श राजा कहा जाता है। उनकी राज व्यवस्था में न कोई छोटा था न कोई बड़ा था,सभी समान सम्मान के अधिकारी थे। सबको उनकी योग्यता, क्षमता और मेधा के अनुसार काम के अवसर प्राप्त थे। भेदभाव रहित समाज व्यवस्था के लिए रामराज्य का उदाहरण दिया जाता है।

रामराज्य में प्रजा की सुखद स्थिति का रामचरित मानस के उत्तरकांड में उल्लेख है-दैहिक दैविक भौतिक तापा,राम राज नहिं काहुहि ब्यापा। अर्थात् राम राज्य में शासन व्यवस्था इतनी आदर्श थी कि प्रजा समृद्ध, रोग रहित और आपदा रहित थी।

राष्ट्र के सांस्कृतिक एकत्व के लिए श्रीराम ने उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया। वे अपना वनवास काल पूर्ण करके लंका से सीधे अयोध्या नहीं आये। वे उन सभी स्थानों पर गये जो उनका वन गमन मार्ग था। लौटते समय निषाद, किरात, केवट और वनवासी समाज के सभी प्रमुख बंधुओं को अपने साथ लाये थे। अपने राज काल में श्रीराम ने एक-एक व्यक्ति का विश्वास अर्जित किया और उन्हें संगठित किया। उनका पूरा जीवन राष्ट्र और समाज के लिये समर्पित रहा।हमें ऐसे ही राष्ट्र का निर्माण करना है।

लगभग पांच सौ वर्षों की दीर्घ प्रतीक्षा और धैर्य के बाद रामलला पूर्व प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आ रहे हैं। यह प्रगति और परंपरा का उत्सव है। इसमें विकास की भव्यता और विरासत की दिव्यता है। यही भव्यता और दिव्यता हमें प्रगति पथ पर आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ समाज के संघर्ष और आत्मशक्ति का परिणाम है कि आज रामलला विराजमान हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह किया है कि जब अयोध्या में प्रभु राम विराजमान हों, तब हर घर में श्रीराम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं।रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर हमने प्रदेश के शहरों और ग्रामों में रोशनी और दीप जलाने की तैयारी की है।प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने भव्य राम मंदिर निर्माण के निमित्त एक सप्ताह तक देश के सभी मंदिरों तथा तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है। हमने मध्यप्रदेश में स्वच्छता से स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से समृद्धि के लिए सभी तीर्थ स्थलों, मंदिरों तथा नदियों में स्वच्छता अभियान चलाया है। प्रभु श्रीराम ने वनवास काल के लगभग 11 वर्ष चित्रकूट में व्यतीत किये हैं। हमने तीर्थ स्थल चित्रकूट सहित रामवन पथ गमन मार्ग के 1450 किलोमीटर के 23 प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास करने का निर्णय लिया है। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जाएगा।भगवान कामतानाथ के परिक्रमा पथ का निर्माण कार्य भी शीघ्रप्रारंभ होगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक क्षण हम सभी के लिये प्रेरणा का अवसर है। भारत के सांस्कृतिक वैभव और समृद्धि के इस पावनकाल में यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है, हम इस संकल्प की सिद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत को यदि सशक्त और विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में अग्रणी बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज संगठित रहे, समरस रहे, एकजुट रहे और प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बने। यदि भारत राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना है, तो पूरे समाज को आत्मनिर्भर बनना होगा, तभी रामराज्य की कल्पना सार्थक हो सकेगी।

आज रामलला अपने जन्म स्थल पर विराजमान हो रहे हैं इस सुमंगल अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई...।

- डॉ. मोहन यादव

बदलाव की तैयारी

इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने अस्तित्व के 150वें वर्ष में प्रवेश किया। वर्तमान में जहां यह चक्रवातों से लेकर कोहरे तक, जलवायु और मौसम के पूरे परिदृश्य का विश्लेषण करता है, वहीं औपनिवेशिक काल में इसकी परिकल्पना दक्षिण-पश्चिम मानसून के रहस्यों को सुलझाने के लिए की गई थी। जरूरतें व्यावहारिक थीं। राजस्व को लेकर चिंतित रहने वाला ब्रिटिश प्रशासन फसल पर मानसून के प्रभावों के बारे में गहराई से जानता था और इसीलिए उसने इस तथ्य को जानने में काफी निवेश किया था कि हवा, बारिश और धूप के पिछले विवरणों का इस्तेमाल भविष्य की मूसलाधार बारिश और सूखे की भविष्यवाणी के लिए किया जा सकता है या नहीं। तब से लेकर अब तक के सालों में, आईएमडी ने मौसम संबंधी आंकड़ों का विशाल भंडार एकत्र किया है जो मानसून के इसके पूर्वानुमानों का आधार है। इस डेटा का एक ऐसा ही विश्लेषण ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के शोधकर्ताओं द्वारा 1982 से लेकर 2022 के दरम्यान उप-विभागीय (तहसील) स्तर पर मानसून के रुझानों का पता लगाने के लिए किया जाता रहा है। इस विश्लेषण से यह पता चलता है कि भारत की लगभग 4,400 तहसीलों में से आधे से अधिक या 55 फीसदी तहसीलों में मानसून की बारिश की मात्रा बढ़ रही है। उनमें से लगभग 11 फीसदी तहसीलों में वर्षा की मात्रा में कमी देखी गई। उन तहसीलों में से लगभग 68 फीसदी ने मानसून के सभी चार महीनों में कम वर्षा का अनुभव किया, वहीं 87 फीसदी ने खरीफ फसलों की बुआई के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले जून और जुलाई के दौरान बारिश में गिरावट देखी। इनमें से अधिकांश तहसीलें सिंधु-गंगा के मैदानों, पूर्वोत्तर भारत और भारतीय हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, जो भारत के आधे से अधिक कृषि उत्पादन में योगदान करती हैं।

इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत के 30 फीसदी जिलों में कई सालों से कम वर्षा हुई और 38 फीसदी जिलों में कई सालों से अत्यधिक वर्षा हुई। राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों की ऐतिहासिक रूप से सूखी रहने वाली कुछ तहसीलें भी गीली हो रही हैं। अक्टूबर, नवंबर तथा दिसंबर के दौरान आने वाले और मुख्य रूप से प्रायद्वीपीय भारत को प्रभावित करने वाले उत्तर-पूर्वी मानसून में भी बदलाव हो रहे हैं। पिछले दशक (2012-2022) में तमिलनाडु की लगभग 80 फीसदी तहसीलों, तेलंगाना की 44 फीसदी और आंध्र प्रदेश की 39 फीसदी तहसीलों में उत्तर-पूर्वी मानसून की बारिश में 10 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है।

आज शेयर मार्केट में भी रहेगी छुट्टी

मुंबई । रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में भी छुट्टी रहेगी। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया है। ऐसे में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इस दिन कोई कारोबार नहीं होगा। 22 जनवरी की छुट्टी के चलते शनिवार को पूरे दिन मार्केट को ओपन रखा गया, जबकि आमतौर पर शनिवार को बाजार की छुट्टी रहती है। पहले शनिवार को 2 घंटे मार्केट खोलने की चर्चा थी, लेकिन 20 जनवरी के सर्कुलर में कहा गया कि शनिवार को पूरे दिन, यानी सुबह 9 से दोपहर 3ः30 बजे तक बाजार में कारोबार होगा।

इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा -

इन्दौर। ऊपरी स्तरों पर मुनाफा वसूली से आलौच्य सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में बाजार बने रहे। दलहनों में लेवाली कमजोर पड़ने से चना घटाकर बोला गया। तुअर मजबूती पर रही। किराना जिंसों में शक्कर मंदी में रही। बड़ी इलायची में बाजार सुधार के रहे।

किराना ः- शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान कामकाज की मात्रा कम ही रही। शक्कर में लेवाली कमजोर रहने से भावों में 25-30 रू. प्रति क्विंटल की गिरावट आयी और शक्कर बाजार घटकर 3825-3880 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। खोपरा गोला पूछपरख से 120-140 रू. प्रति किलो पर आ गये। कालीमिर्च में लेवाली के चलते बाजार 675-690 रू. प्रति किलो पर मजबूत बने रहे। बड़ी इलायची में लेवाली अच्छी है। उत्पादक मंडियों तरफ से तेजी के समाचारों से भावों में सुर्खी देखी गयी। बड़ी इलायची में बाजार 1350-1400 रू. प्रति किलो पर मजबूती पर रहे। सूखे मेवों में लेवाली के चलते भावों में सुधार का रूख बना रहा। बादाम मगज में बाजार 540-670 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में पूछपरख कमजोर है, जिससे भावों में सुस्ती देखी गयी। नारियल 120 भरती मालों में बाजार 1450-1500 रू. प्रति थैले पर आ गये। अन्य किराना जिंसों में बाजार ठंडे-ठंडे देखे गये।

तेल तिलहन ः- समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में मंदी की स्थिति देखी गयी। बाजार सूत्रों के अनुसार आयातित मालों में बनी सुस्ती का असर देशी मालों में पड़ा है। जिसके चलते सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1570-1590 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। सोया व कपास्या तेलों में 5-15 रू. प्रति 10 किलो की गिरावट आयी और सोया साल्वेंट में बाजार 875-880 रू. प्रति 10 किलो से घटकर 860-875 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सरसो व रायडा व सोयाबीन पुराने स्तर पर रहे।

दाल दलहन ः- समीक्षा सप्ताह के दौरान दाल दलहनों में कामकाज की मात्रा कम ही देखी गयी। चने में लेवाल पीछे हटने से बाजार 100-150 रू. प्रति क्विंटल टूट गये। चना घटकर 5700 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में लेवाली है। आवकें भी ठंडी रहने से बाजार 300-500 रू. प्रति क्विंटल सकी तेजी दिखा गये और तुअर में बाजार 8800-9800 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। मसूर में लेवाली ठंडी रहने से बाजार 25-50 रू. प्रति क्विंटल की गिरावट आयी और मसूर में बाजार घटकर 6100 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में बाजार ठंडे-ठंडे ही रहे।

सरकार ने सेल और एनएमडीसी के तीन निदेशकों को निलंबित किया

नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के दो बोर्ड स्तर के अधिकारियों और लौह अयस्क कंपनी एनएमडीसी के एक निदेशक को निलंबित कर दिया है। सेल ने शेयर बाजार को बताया कि उसने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 26 अन्य अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय ने 19 जनवरी, 2024 के अपने पत्रों के जरिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1977 के नियम 20 के उप-नियम (1) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्यिक) और ए केतुलसियानी, निदेशक (वित्त) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस्पात मंत्रालय के एक अन्य उपक्रम एनएमडीसी ने भी कहा कि उसके बोर्ड स्तर के अधिकारी वी सुरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कंपनी ने कहा ?कि इस्पात मंत्रालय ने एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (वाणिज्यिक) वी सुरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सेल ने एक अलग बयान में कहा कि यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबंधित है।

अमेरिकी बाजार में प्रवेश करेगी केंट आरओ सिस्टम्स

नई दिल्ली । वॉटर प्यूरीफायर बनाने वाली घरेलू कंपनी केंट आरओ सिस्टम्स ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में अमेरिकी बाजार में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी ने अगले तीन साल में 2,000 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए वह अपने उपकरण पोर्टफोलियो को बढ़ा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंट आरओ सिस्टम्स ने पिछले तीन साल में विस्तार पर 500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अब कंपनी उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक नई पंखा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 300 करोड़ रुपये का और निवेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी जो पहले वॉटर प्यूरीफायर के लिए जानी जाती थी, अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और उपकरण खंड, विशेष रूप से छोटे रसोई उपकरणों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। अधिकारी ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में कंपनी के राजस्व में नई श्रेणियों का योगदान आधा हो जाएगा। अमेरिकी बाजार में अपने प्रवेश पर उन्होंने कहा कि केंट आरओ सिस्टम्स ने ब्लैक एंड डेकर के साथ एक ब्रांड लाइसेंसिंग करार किया है। इसके तहत वह मेरीलैंड, अमेरिका की विनिर्माता के ब्रांड नाम पर आधारित अपने वॉटर प्यूरीफायर की श्रृंखला का निर्माण करेगी और उन्हें अमेरिकी बाजार में भेजेगी। हम अमेरिकी बाजार में जाएंगे। हमने ब्लैक एंड डेकर के साथ लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। केंट आरओ सिस्टम्स भारत में ब्लैक एंड डेकर ब्रांड के तहत अपने वॉटर प्यूरीफायर का निर्माण करेगी और अमेरिकी बाजार में भेजेगी। कंपनी अगले छह माह में अमेरिकी बाजार में प्रवेश करेगी। कंपनी ने अगले तीन साल में अपने निर्यात को तीन गुना कर 200 करोड़ रुपये पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं।

वृषभ राशि- रचनात्मक शौक आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। परिवार के लोगों के बीच पैसे को लेकर आज कहासुनी हो सकती है। पैसों के मामलों में आपको परिवार के सभी लोगों को स्पष्ट होने की सलाह देनी चाहिए।

मिथुन राशि- दिन फायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। केवल एक दिन को नजर में रखकर जीने की अपनी आदत पर काबू करें और जरूरत से ज्यादा वक्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें।

कर्क राशि- क्षणिक गुस्सा विवाद और दुर्भावना की वजह बन सकता है। आपका धन आपके काम तभी आता है जब आप फिज़ूलखर्ची करने से खुद को रोकते हैं आज ये बात आपको अच्छी तरह से समझ में आ सकती है। आपका ज्ञान और हास-परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा। आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है।

सिंह राशि- व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार को मजबूती देने के लिए आज आप कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें।

कन्या राशि- अपने शरीर की थकान मिटाने और ऊर्जा-स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूरे आराम की ?रूरत है, नहीं तो शरीर की थकावट आपके मन में निराशावादिता को जन्म दे सकती है। अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों।

तुला राशि- कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है। नवजात शिशु की खराब तबियत परेशानी का सबब बन सकती है। इस ओर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। डॉक्टर से भली-भांति सलाह लें, क्योंकि जरा-सी लापरवाही बीमारी को बद से बदतर बना सकती है।

वृश्चिक राशि- आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। बिना बताये आज कोई देनदार आपके अकाउंट में पैसे डाल सकता है जिसके बारे में जानकर आपको अचंभा भी होगा और खुशी भी। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का गलत फायदा न उठाने दें। आप रोमांटिक ख़यालों और सपनों की दुनिया में खोए रहेंगे।

धनु राशि- आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपको आश्चर्य में डालते हुए आपके बचाव में आपका भाई आगे आएगा। आपको एक-दूसरे की खुशी के लिए आपसी सहयोग और साथ में मिलकर काम करने की जरूरत है।

मकर राशि- आपकी व्यक्तिगत समस्याएँ मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

कुंभ राशि- आपकी ऊँची बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। सिर्फ सकारात्मक विचारों के जरिए इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है। आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।

मीन राशि- स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। व्यापार को मजबूती देने के लिए आज आप कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है।

शब्दजाल - 7427

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'गार' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

श	रा	रो	ज	गा	र	ह	ट	झ	क	चि
छ	च	र	ह	का	लै	ता	दि	शा	को	क
ट	र	ह	झि	का	म	गा	र	ला	ल	ना
प	म	दा	च	ल	क	ड़	हा	अं	गा	र
ट	रा	द	ष	हा	मि	री	चि	स	र	ट
ह	ह	प	द	प	ह	ला	उ	ड़	न	आ
श्रं	ट	बु	अं	गा	म	ट	ह	द	ह	गा
गा	जी	वा	ला	र	र	सौ	न	ट	गा	र
र	थो	तें	व	ह	ज	दा	ने	दा	र	र
र	ल	भं	गा	र	ट	ऐ	बें	न	रु	थो
त	ड़	पा	ह	ट	ख	बे	गा	र	ह	ट

रोजगार, कामगार, उदगार, भंगार, बेगार, पगार, मददगार, श्रंगार, आगार, अंगार

शब्दजाल - 7426 का हल

प्र	अ	मे	क	रा	म	रा	ज	र	प	म
न	द	क	म	व	डो	ने	ग	ति	मा	हा
अ	रा	र	ला	ण	ग	अं	द	ह	प	रा
जी	ज	ल	का	रा	न	स	ध	ह	लि	ज
त	अ	अ	र	ज	जा	मे	ह	का	न	दे
अ	ना	का	र	व	प	धि	त	ह	र	वि
ए	स्व	रा	ज	व	अ	ला	रा	मा	न	रा
त	न	भा	र	प	र्व	त	रा	ज	वि	ज
रा	न	बा	अ	लं	का	र	ह	न	जू	दे
ज	का	ति	मा	न	सिं	ब्रा	रु	का	प	श
बां	र	मे	घ	रा	ज	स	त्ता	प	र	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6371

ऊपर से नीचेः-

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

बायें से दायेंः-

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 6370

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

22 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	08.06 बजे से
चंद्र	वृष में	मीन	09.39 बजे से
मंगल	धनु में	मेष	11.09 बजे से
बुध	धनु में	वृष	12.49 बजे से
गुरु	मेष में	मिथुन	14.47 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क	17.01 बजे से
शनि	कुंभ में	सिंह	19.17 बजे से
राहु	मीन में	कन्या	21.29 बजे से
केतु	कन्या में	तुला	23.39 बजे से
राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक		वृश्चिक	01.54 ब.से
		धनु	04.10 बजे से
		मकर	06.15 बजे से

सोमवार 2024 वर्ष का 22 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 19.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 04.59 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** ब्रह्म 08.46 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.37 बजे तदनन्तर बालव 19.52 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 50' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871866 **जूलियन दिन** 2460331.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रज्जब **तारीख** 10 **विशेष** कूर्म द्वादशी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	चर	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	रोग	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	काल	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	लाभ	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	उद्वेग	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	शुभ	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	अमृत	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	चर	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः उदारता की राह

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार मिला। न सिर्फ देश से बल्कि दुनिया के कोने-कोने से बधाई संदेश आने लगे। उनके घर पर अतिथियों का तांता लग गया। उनका एक पड़ोसी यह सब टकटकी लगाकर देखता रहा। उन्हें बधाई देने की बात तो दूर, उसने उन्हें नमस्कार तक नहीं किया। टैगोर को यह व्यवहार अखरा लेकिन उन्होंने इसे भुलाने की कोशिश की। पर भुला नहीं पाए। बार-बार उनके सामने उसका चेहरा सामने आ जाता था। वह जब-जब उसके बारे-बारे में सोचते, क्रोध से भर जाते। अगली सुबह वह समुद्र के किनारे टहल रहे थे। सूर्य की किरणें पड़ने से सागर चांदी सा दमक उठा था। टैगोर भाव-विभोर होकर लहरें देखते रहे। तभी उनकी नजर करीब ही पानी से भरे एक गड्ढे पर पड़ी। वहां भी सूर्य की किरणें बराबर पड़ रही थीं। गड्ढे का जल भी चमक रहा था। तभी टैगोर को ख्याल आया कि सूर्य ने तो सब पर बराबर किरणें फैलाई हैं। उसने तो समुद्र और गड्ढे में अंतर नहीं किया। टैगोर को अपनी गलती का अहसास हुआ। वह तो बेकार ही एक छोटी सी बात को लेकर बैठे हुए थे। अगर दूसरा अपनी उदारता छोड़ रहा है तो वो क्यों छोड़ें। वह तत्काल उस पड़ोसी के घर गए। उस समय वह जलपान कर रहा था। टैगोर ने फौरन उसके चरण स्पर्श किए। पड़ोसी की आंखें गीली हो गईं। वह बोला, 'आप जैसे देवतुल्य व्यक्ति को नोबेल पुरस्कार मिलना ही चाहिए था।' यह कह कर उसने टैगोर के चरण स्पर्श किए। दोनों के बीच की दूरी मिट गई।

सूडोकु नवताल- 6680

★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6679 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 7895

बाएँ से दाएँ

1. खटपट,ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल,लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड,दम,शासन-3
9. धरा,भूमि-3
11. शासन व्यवस्था,रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया,करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि,देवमुनि-3
20. सब्जी,भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

ऊपर से नीचे

1. गुनाह,दोष,जुर्म-3
2. अपराधमुक्त,निवृत्त-2
3. सौत,दूसरी स्त्री-3
4. होशियार,गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद,तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह,भवन-3
21. जीवन,जीव, स्फूर्ति-2

शब्द पहेली - 7894 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

कंपनियों के तिमाही परिणामों, वैश्विक रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

मुंबई। इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही परिणामों, वैश्विक रुझान और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां से तय होगी। विश्लेषकों का यह कहना है। इस सप्ताह कम कारोबार सत्रों का रहेगा। 22 जनवरी को शेयर बाजार में अवकाश रहेगा। महाराष्ट्र सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कारण छुट्टी की घोषणा की है। इसके अलावा शुक्रवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, बैंक ऑफ जापान (बीओजे) और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दर पर निर्णय से बाजार की दिशा तय होगी। सप्ताह के दौरान एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, बजाज ऑटो, डीएलएफ, एसीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। यह कम कारोबारी सत्रों वाला सप्ताह है। कई कंपनियों के तिमाही नतीजों की वजह से बाजार में शेयर विशेष गतिविधियां देखनी को मिलेंगी। इसके अलावा बीओजे और ईसीबी के ब्याज दर पर निर्णय और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,144.8 अंक नीचे आया। एनएसई और बीएसई ने 20 जनवरी यानी शनिवार को सामान्य कारोबारी सत्र आयोजित किए। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को लेकर उम्मीदें और क्षेत्र विशेष गतिविधियां बाजार को दिशा देंगी। वैश्विक स्तर पर सभी की नजर जापान की मौद्रिक नीति और अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बैंक निफ्टी का प्रदर्शन काफी खराब रहा। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक के नतीजों के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की आक्रामक बिकवाली से बाजार पर दबाव और बढ़ गया है। सप्ताह के दौरान एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो, केनरा बैंक, सिएट, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, टाटा स्टील, एसीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और कई अन्य कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के प ?रिणामों की घोषणा करेंगी।

अंतरिम बजट में कर मोर्चे पर मिल सकती है कुछ राहतः अर्थशास्त्री

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कुछ दिन बाद आम बजट पेश करेंगी। बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है।अर्थशास्त्रियों की राय इस पर अलग-अलग है। कुछ का कहना है कि सरकार आम चुनावों से पहले अगले महीने पेश होने वाले अंतरिम बजट में मानक कटौती की राशि बढ़ाकर आयकरदाताओं को राहत देने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट दे सकती है। हालांकि, कुछ यह भी मानते हैं कि यह अंतरिम बजट है, ऐसे में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद नहीं है। वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है।

सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.67 लाख करोड़ घटा

मुंबई। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,67,936.21 करोड़ की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 1,22,163.07 करोड़ रुपए घटकर 11,22,662.76 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक के शेयर में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। बैंक का शेयर इस दौरान 12 प्रतिशत टूटा। बैंक के दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे हैं, जिससे इसका शेयर नीचे आ गया। हालांकि शनिवार को एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.54 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 18,199.35 करोड़ रुपए गिरकर 18,35,665.82 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 17,845.15 करोड़ रुपए घटकर 5,80,184.57 करोड़ रुपए, टीसीएस का 7,720.6 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 14,12,613.37 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 2,008.04 करोड़ रुपए घटकर 5,63,589.24 करोड़ रुपए रह गई। इस रुख के विपरीत एलआईसी का मूल्यांकन 67,456.1 करोड़ रुपए चढ़कर 5,92,019.78 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 26,380.94 करोड़ रुपए बढ़कर 6,31,679.96 करोड़ रुपए, इन्फोसिस की बाजार हैसियत 15,170.75 करोड़ रुपए बढ़कर 6,84,305.90 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की 3,163.72 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 7,07,373.79 करोड़ रुपए और आईटीसी का मूल्यांकन 2,058.48 करोड़ रुपए बढ़कर 5,84,170.38 करोड़ रुपए हो गया। सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, एलआईसी, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एसबीआई का स्थान रहा।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सजा पुरा क्षेत्र

लांजी (पद्मेश न्यूज)। धर्म नगरी लांजी आज राम मय नजर आयेगी। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम जो कि विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है जहां आज श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है और इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संपूर्ण भारत देश मे एक त्यौहार की तरह मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में धर्म नगरी लांजी सहित संपूर्ण क्षेत्र के समस्त मंदिरो, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो के द्वारा अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनेंगे।

नये श्रीराम मंदिर में प्रातः बेला में अभिषेक सहित सुन्दर काण्ड, चालीसा पाठ एवं भण्डारा

लांजी नगर के नये श्रीराम मंदिर में प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो कि माँ लंजकाई मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित होगा। आज प्रातः 7 बजे श्रीराम दरबार, श्रीहनुमान, श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री नरसिंह भगवान एवं शिवलिंग अभिषेक पूजन किया जायेगा। अभिषेक उपरांत संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन तदोंपरांत माँ लंजकाई मंदिर ट्रस्ट एवँ माँ सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के सहयोग से शाम 5 बजे से महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र के समस्त जनों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है। नगर के पुराने राम मंदिर में भी 21 जनवरी से ही विशेष अनुष्ठान किये जा रहे है। जिसको लेकर जय सियाराम श्रीराम चरण सेवा समिति पुराना श्रीराम मंदिर लांजी के महंत लक्ष्मीनारायण दास वैष्णव, दिनेश लाड़े, सीताराम रामटेक्कर, दीपक श्रीवास, किशोर रामटेक्कर सहित अन्य सदस्यों ने बताया 21 जनवरी को प्रातः7 बजे से श्री गणेश जी वेदी पूजन, श्रीराम चरित मानस अखण्ड पाठ प्रारंभ, विप्रजनों साधु संतो, गौमाता पूजन, आज 22 जनवरी को गौमाता पूजन, रामायण पाठ समापन, श्रीराम जी का महाअभिषेक पूजन, श्रृंगार यज्ञ, भजन कीतर्न, महाआरती पश्चात दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। उक्तअइ कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील समस्त सदस्यो के द्वारा की गई है। श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लांजी क्षेत्र के समस्त ग्रामो के मंदिरो में जिसके अन्तर्गत सुभाष चौक लांजी 12 बजे से लाईव प्रसारण, 3 बजे से देवी जागरण एवं रात्रि में आतिशबाजी, काली मंदिर लांजी में दीप प्रज्जवलन हनुमान चालिसा पाठ, कोटेश्वर धाम लांजी में दीप प्रज्जवलन, हनुमान चालिसा पाठ, गायत्री मंदिर लांजी, हनुमान मंदिर कटंगी, श्रीराम मंदिर जेवनारा में रामजन्मोत्सव मेला, हनुमान मंदिर पालडोंगरी, हनुमान मंदिर अमेड़ा, हनुमान मंदिर बोलेगांव, श्रीराम मंदिर कुम्हारी कला, श्री हनुमान मंदिर बिसोनी प्रातः7 बजे शोभा यात्रा, शीतला माता मंदिर घोटी में रामधुन चालीसा पाठ, श्री हनुमान मंदिर पौण्डी बिंझलगांव, शंकर मंदिर सुन्दरटोला लांजी में सुन्दर काण्ड भण्डारा, श्री हनुमान मंदिर भिमोड़ी, श्री हनुमान मंदिर सिंगोला, श्रीराम मंदिर देवलगांव में हनुमान चालिसा पाठ, सुन्दर काण्ड एवं महाप्रसादी का वितरण। इसके साथ रिसेवाड़ा में विश्वनाथ गुसा अध्यक्ष बोल बम सेवा समिति रिसेवाड़ा एवं अशोक शुक्ला गौरक्षक राष्ट्र प्रमुख सत्य सनातन धर्म संगठन भारत के द्वारा रिसेवाड़ा प्रातः 9 बजे से शोभा यात्रा, रामधुन, सुन्दर काण्ड एवं आरती तथा महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा।

नये भवन का आश्वासन दिया अतिथियों ने

शा.उ.मा.वि. भानेगांव का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में 19 जनवरी को स्नेह वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम बालाघाट सिवनी सांसद ढालसिंह बिसेन, लांजी किरनापुर विधायक राजकुमार करहि, अध्यक्ष डॉ रूपचंद रावते, रेवाजी करहाटकरे, डॉ प्रशांत पाटील, प्राचार्य चन्द्रभूषण चौहान एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना एवं आराधना के साथ स्नेह सम्मेलन की शुरूवात की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विद्यालय का प्रतिवेदन वाचन प्राचार्य चन्द्रभुषण चौहान के द्वारा किया गया। विद्यालय की समस्याओं के बारे में सांसद एवं विधायक महोदय को अवगत कराया गया जिसमें विद्यालय में नये भवन की मांग की गई, 500 छात्रों के बैठने के लिये फर्नीचर की मांग, जीर्ण-शीर्ण शाला भवन की मरम्मत के लिये आर्थिक सहायता एवं विद्यालय में एन.सी.सी. चालू करवाने की मांग की गई। कार्यक्रम में कक्षा पहली से 12 वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं ने भजन, लोकनृत्य, लोकगीत, सामूहिक नृत्य एकल नृत्य, एकल गायन, प्रसग प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल,जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, श्रीमती ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य, लीलाधर रावते, देवेन्द्र खोंगल, जैनेन्द्र कुमार बेदरे, महेन्द्र अवसरे आस पास गांवो के पंच सरपंच, आश्रित शालाओं के प्रधान पाठक भी उपस्थित रहे। मंच संचालन रूपचंद जुम्हरे, डिलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं, अतिथि शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने अपना योगदान दिया।

इसी कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भानेगांव के द्वारा गत्त वर्ष 2022-23 के 62 छात्रों को मुख्यमंत्री लेपटॉप योजना के तहत प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक से सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में सांसद ढाल सिंह बिसेन एवं विधायक राजकुमार करहि के द्वारा स्नेह सम्मेलन में प्रस्तुती करने वाले छात्र छात्राओ के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई प्रेषित की गई तथा विद्यालय के प्रतिवेदन के अनुसार जों मांगे प्राचार्य महोदय के द्वारा की गई है आगामी समय में सभी मांगो को पूर्ण किये जाने के लिये कहा गया।

विकासखण्ड के 1345 विद्यार्थीयों ने दी नवोदय प्रवेश परीक्षा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 20 जनवरी को जिले के नवोदय विद्यालय वारासिवनी के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें लांजी विकासखण्ड के लगभग 1345 छात्र छात्राओं परीक्षा दी। लांजी विकासखण्ड में उक्त परीक्षा को संपन्न कराने के लिये नगर के 5 शासकीय एवं अशासकीय स्कूल जिनमें उत्कृष्ट विद्यालय लांजी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, कन्या हाई स्कूल लांजी, साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी इन पांचो स्कूलो में परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे जिनमें 1433 विद्यार्थियों ने नवोदयन परीक्षा केलिये आवेदन किया था इनमें से 1345 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये। परीक्षा केन्द्रो के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में 360 विद्यार्थी में से 334, शासकीय कन्या हाईस्कूल में 185 में से 176 विद्यार्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 336 में से 315 विद्यार्थी, साकेत पब्लिक स्कूल में 240 में से 230 विद्यार्थी, सरस्वती उच्चतर मा. विद्यालय लांजी में 312 में से 290 विद्यार्थी ने नवोदय विद्यालय में छटवीं कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा में सम्मिलित हुये। समस्त केन्द्रो में परीक्षा प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे आयोजित की गई। जो कि शांति पूर्ण रूप से सभी केन्द्रो में परीक्षाऐं संपन्न हुई।

शासकीय हाई स्कूल सुनारककोड़ी में विद्यार्थियों का किया टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों में समय-समय पर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण जांच किया जाता है। जिसके तहत छात्र छात्राऐं तंदरूस्त रहे या कोई कमजोरी आदि विद्यार्थीयों को हो तो उन्हे समय पर दवाईया या संबधित उपचार बताया जा सके। जिसके तहत लांजी विकासखण्ड के ग्राम सुनारककोड़ी शासकीय हाईस्कूल में 19 जनवरी 2024 दिन शनिवार को एस.रामटेक्कर (ए.एन.एम.) द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने संबंधी बहुत सी जानकारियाँ दी गईं इसके साथ ही टिटेनस से बचाव हेतु वैक्सीनेशन भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में एल.एच.डी.रीता गोस्वामी, आशा सुपरवाइजर सरीता ताण्डेकर, आशा कार्यकर्ता सरस्वती बड़ैया सम्मिलित रहीं । विद्यालय स्टॉफ में प्राचार्य आर.के.चौरे, वरिष्ठ शिक्षक एम.एल.एड़े एवं एन.गजभिये के साथ एच.कटरे, पी.भिमटे, एस.सोनवाने, कपिल पटले एवं अतिथि शिक्षक देवेंद्र मेंढे तथा भृत्य सुनिता बड़धैया उपस्थित रहीं ।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में किया लोकसभा चुनाव का आगाज

लोकसभा प्रभारी सहित दिग्गज नेताओं ने भरी हुंकार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर जिला सहित तहसील मुख्यालय में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में गत दिवस लांजी आमगांव मार्ग के कलार समाज मंगल भवन में दोपहर 12 बजे से विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संजय शर्मा प्रभारी लोकसभा समन्वयक बालाघाट सिवनी, कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय उईके विधायक बैहर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, प्रमुख अतिथि अशोक मंडलेकर विधानसभा प्रभारी लांजी, अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट, सम्राट सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट, विश्वेश्वर भगत, हिना कावरे पुर्व विधायक, अर्चना खोंगल, अजय अवसरे, हिरासन उइके, देवेन्द्र खोंगल, शेषराम रहांगडाले, मुकेश जोशी, खेमचंद दानी, युसूफ पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, ललीत कबीरे, सौरभ मोनू पशीने, मनीषा धारणे, प्रिती दुर्ध्यान नगपुरे, पूनम आसटकर, मुकेश रणदिवे, अफसाना अंसारी, ममता दुबे की उपस्थिति में महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यशैली में बदलाव लाने की आवश्यकता है-संजय शर्मा

लोकसभा समन्वयक संजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में 6 विधानसभा सीटों में से लांजी व बैहर ऐसी दो विधानसभा सीटें थीं जो निश्चित रूप से जीतेगी ही कह रहे थे लेकिन लांजी में उल्टा ही हो गया, यह हार पचाने लायक नहीं है क्योंकि लांजी क्षेत्र में हीना कावरे द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास किया था फिर भी यह हार समझ से परे है। हार तो हार होती है। मोदीजी द्वारा कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, सस्ता गैस सिलेण्डर देंगे। चुनाव के चार माह पहले लाड़ली बहना योजना याद आती है। खेती को लाभ का धंधा बनाएंगे। लेकिन ये सब सरकार नही कर पाई। हम विपक्ष में है हमारा काम है उनकी कमियों को उजागर करना और इन कमियों को जनता के समक्ष रखना। पिछली लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी कैसे पीछे रही, आगामी लोकसभा चुनाव लड़गे तो हम कैसे जीतेंगे, इसकी तैयारियों के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके लिए आपके सुझावों की आवश्यकता है। बूथों पर हमारे वोटरों के नाम जुड़े हैं या नहीं, वोटर लिस्ट की पूरी समीक्षा की जानी चाहिये। प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंदर एक-एक वोट की समीक्षा करनी होगी। परम्परागत वोट पर ध्यान देना, हर घर पर चुनाव के समय उनके घर तक वोट मांगने के लिए जाना और पार्टी की विचारधारा को उनको बताना और समझाना। क्योंकि बूथ का ही कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करता तो चुनाव में जीत निश्चित है।

बूथ में एक-एक वोट का महत्व-हीना कावरे

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी कोई भी हो समस्त कांग्रेसी उस उम्मीदवार के लिए घर घर जाकर एक एक वोट मांगेंगे। निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने जीत के लिए भरसक प्रयास किया, किन्तु हार का सामना करना पड़ा। पुरे देश में अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है और उन्हें जनता का भरपूर आशिर्वाद मिल रहा है। कार्यकर्ताओं से कहा कि डोनेट फार देश एप के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को 138 रूपए, जनप्रतिनिधियों को 1380 रूपए कांग्रेस पार्टी को चंदे के रूप में दान कर पार्टी को मजबूत करना है। इस दौरान हीना कावरे ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया, तथा विधानसभा चुनाव में मिली हार के बिंदुओं की जानकारी उठाकर उन कमियों को दूर कर पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने की बात कही गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह नजर आया। अंत मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम निमित मंदिरों में किया श्रमदान व स्वच्छता कार्यक्रम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। म.प्र. जन अभियान परिषद बालाघाट, जिला समन्वयक सुशिल बर्मन व सुश्री रूचिका बैस विकासखण्ड समन्यक लांजी के मार्गदर्शन में दिनांक 21 जनवरी को सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा सेक्टर-01 लांजी नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट गाइड आर्गनाइजेशन लांजी, मोस्ट संस्था एवं परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेकर, अशोक घटते, विजय हटीले, नीलेश्वर ठाकरे, ज्योति शक्करपुड़े द्वारा राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व स्वच्छता कार्यक्रम लांजी नगर के प्राचीनतम कोटेश्वर मंदिर परिसर में किया गया सहयोगी जनों को संदेश दिया गया सेक्टर के सभी ग्रामों में श्री राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का उत्साहित वातावरण निर्मित करने एवं एतिहासिक क्षण को त्योहार की भांति मनाएं जाने हेतु संदेश दिया।

भरवेली दुर्गा मैदान में माइनर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

छग और केरला के नाम रहा प्रतियोगिता का पहला दिन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में ऑल इंडिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुवात 20 जनवरी दिन शनिवार को शो मैच के साथ कि गई। भरवेली मायल में दिवंगत हुए कर्मचारियों की याद में भरवेली मायल के सौजन्य से भरवेली दुर्गा मैदान में 24 वे वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में पहले दिन 4 फुटबॉल टीमों के बीच जंगी मुकाबला देखने को मिला। जहां दिन का पहला मैच बैहर बनाम नारायणपुर छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नारायणपुर छत्तीसगढ़ की टीम ने दोनों राउंड को मिलाकर यह मैच 2-0 से अपने नाम कर लिया। तो वही दिन के पहले मैच में बैहर की टीम अपने खेल का कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। जिसके चलते उन्हें दिन के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह दिन का दूसरा मैच फेन्स जार्ज केरल बनाम पुलिस बॉयज बालाघाट के मध्य खेला गया। जहां पुलिस बालाघाट की टीम अपने पैरों का जादू दिखाने में नाकाम रही और उसे सिर्फ एक गोल से संतुष्ट होना पड़ा, तो वहीं केरल टीम के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों राउंड को मिलाकर पुलिस बॉयज बालाघाट के खिलाफ दो गोल दागकर यह मैच अपने नाम कर लिया। इस तरह पहले दिन का मैच बैहर और केरल के नाम रहा ,तो वही आज 22 जनवरी को प्रतियोगिता का दूसरा मैच जबलपुर इलेवन बनाम डायमंड रॉक एकेडमी बालाघाट के मध्य खेला जाएगा।

इन्होंने निभाई रेफरी की भूमिका

भरवेली के दुर्गा मैदान में 24 वे वर्ष आयोजित इस ऑल इंडिया माइनर में मोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए दो मैच में मैच कमिश्नर इंदौर से अभिमन्यु वर्मा,जबलपुर से जान बास्को, उकवा से कपिल पंद्रे, नैनपुर से अरुण कुर्वेती, जबलपुर से सदानंद ठाकुर, इंदौर से अशरफ खान, कुलदीप सिंह छिंदवाड़ा से, राघवेंद्र शर्मा, रोहित यादव सहित अन्य रैफरी की भूमिका में नजर आए। जिन्होंने चारों टीमों के खिलाड़ियों के खेल का जजमेंट करते हुए मैच में अपने निर्णय दिए।

प्रतियोगिता में इन फुटबॉल टीमो ने लिया भाग

बताया जा रहा है कि भरवेली के दुर्गा मैदान में 24 वे वर्ष आयोजित इस ऑल इंडिया माइनर मेमोरियल टूर्नामेंट में देश की ख्याति प्राप्त फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया है। जहां इन टीमों के बीच फाइनल खिताब के लिए जंगी मुकाबला देखा जाएगा आयोजित इस प्रतियोगिता में एनआईसी बैहर, बॉयज क्लब उकवा, भरवेली इलेवन, पुलिस बॉयज बालाघाट,द डायमंड रॉक एकेडमी बालाघाट, सिटी क्लब गोंदिया, भोपाल, कोरबा, नारायणपुर, कामठी, मायल नागपुर, रब्बानी क्लब नागपुर, केरल ,पंजाब ,बैंगलौर और जम्मू कश्मीर की टीमों के बीच जंगी मुकाबला देखा जाएगा। जहां यह सभी टीमें फाइनल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम करने के लिए आपस में भिड़ेगी।

27 जनवरी को खेला जाएगा फाइनल मैच

भरवेली के दुर्गा मैदान में आयोजित ऑल इंडिया माइनर मेमोरियल टूर्नामेंट के 24 वर्ष में स्थानीय फुटबॉल टीमों के अलावा जम्मू कश्मीर,केरला,पंजाब ,बैंगलौर सहित विभिन्न राज्यों व जगहो से आई फुटबॉल टीमों के बीच जंगी मुकाबला देखने को मिल रहा है।जहाँ 20 जनवरी शुरू हुई इस प्रतियोगिता का 27 जनवरी को फाइनल मैच के साथ का समापन किया जाएगा। जहां फाइनल विजेता टीम को नगद 75 हजार रुपए तो वही उपविजेता टीम को नगद 51 हजार रुपए, स्मृति चिन्ह सहित अन्य पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। तो वही बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ,बेस्ट स्कोरर ,बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट डिफेंडर, सहित अन्य खिलाड़ियों को विभिन्न आकर्षक पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

भजियादंड में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन

अमई(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम भजियादंड में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संगीतमय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन दिनांक 21/1 /2024 से 27/1/2024 तक आयोजित किया गया है। जिसमें कथा वाचिका पंडित आरती किशोरी जी वृंदावन धाम के द्वारा प्रारम्भ किया गया। इसी उपरांत कलश यात्रा निकाली गई एवं ग्रामीण देवी - देवताओं की पूजा अर्चना की गई। दिनांक कल दिन सोमवार को ब्रम्हा विष्णु सँवाद रुद्राक्ष महिमा के बारे में बखान किया जायेगा। मंगलवार को सती की जन्म की कथा का सारांश बताया जाएगा। बुधवार को शिव विवाह उत्सव। गुरुवार को कार्तिकेय गणेश चरित्र। शुक्रवार को उमा सहित देवी महिमा। शनिवार को द्वादश ज्योतर्लिंग कथा , शिव नाम महिमा, महा यज्ञ एवं विशाल जग भंडारा का आयोजन किया गया है। इसी उपरांत शिव महा पुराण समिति के सदस्य गणों ने भक्त गणों से निवेदन किया है की इस शिव पुराण को सुन कर लाभ अर्जित करें। और हर हर महादेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करें।

अमई मंदिर में विशाल जगभण्डारा

अमई(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम अमई में स्थित श्रीराम व हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को विशाल जगभण्डारे का आयोजन किया गया है। प्रात: दीप प्रज्वलित कर प्रभात फेरी निकालकर ग्राम का भ्रमण किया जायेगा क्योंकि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कर भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है जिससे पूरा देश राममय हो चुका है। हर ग्रामों में 22 जनवरी के दिन मंदिरों में पूरा अर्चना कर भव्य भण्डारों का आयोजन रखा गया है उसी प्रकार ग्राम अमई में भी जग भण्डारे का आयोजन रखा गया है वैसे ही ग्राम कन्हारटोला में भी हनुमान मंदिर में जग भण्डरे का आयोजन रखा गया है। जिससे भक्तों में श्री राम के प्रति आस्था फ्लीभूत हो रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि लोगों में सने: सने रामराज्य की कामना पूर्ण होने जा रही है।

गजपुर टटेकसा में निकली अक्षत कलश यात्रा

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. इस अवसर पर गांव एवं क्षेत्र में भी भव्यता से कार्यक्रम आयोजित किए जाने एवं कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है. ग्रामवासियों को भी इस भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलश को नगर एवं गांव-गांव में भ्रमण कराया जा रहा है. इसी कड़ी में 21 जनवरी रविवार को टटेकसा गजपुर के ग्रामीण एवं भक्तों के नेतृत्व में भगवान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश एवं राम दरबार झांकी शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए, जिसमे प्रमुख रूप से जितेन्द्र गौतम, कीर्तिराज देशमुख, पंकज बोपचे, पल्लव पटले, हर्ष ठाकरे सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष, एवं बच्चों ने सहभागिता की।

खैरलांजी में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में खुशियों का माहौल है एवं शहर से लेकर गांव तक श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। खैरलांजी में २२ जनवरी को अयोध्या में हों रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खैरलांजी में भी समारोह को लेकर ग्रामीणजन व युवाओं सहित सर्व हिंदू समाज के द्वारा जोरों से तैयारी चल रही है। जिसके तहत २० जनवरी को श्रीराम महोत्सव समिति के युवाओं के द्वारा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर,प्राचीन हनुमान मंदिर गांधी चौक , हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड के मंदिरों की साफ सफाई कर रंग रोंगन किया गया एवं शुद्ध जल से मंदिरो की धुलाई की गई। खैरलांजी के विभिन्न चौक चौराहों पर भगवा वस्त्र के गेट लगाएं गये जहां जगह जगह भगवा ध्वज बांधे गये। युवाओं के द्वारा नगर के आंबेडकर चौक,विरांगना रानी अवंती बाई चौक, गांधी चौक में भगवान श्रीराम के बड़े बड़े कट आउट लगाएं गये। २२ जनवरी को अयोध्या में आयोजित हो रहे प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने के लिए श्रीराम महोत्सव के द्वारा ग्राम में स्थित प्राचीन प्रभु श्रीराम मंदिर गांधी चौक में सुबह ११ बजे से १ बजे तक पावन सुंदरकांड पाठ,दोपहर १ बजे से ४ बजे तक सनातन धर्म जागरण फेरी ,नगर भ्रमण, शाम ५ बजे से ७ बजे तक श्री महंत नर्मदादास महाराज अयोध्या धाम के द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा। शाम ७ बजे से गायत्री परिवार के द्वारा दीप यज्ञ कर समापन पश्चात महाप्रसाद वितरण एवं भव्य आतिशबाजी की जायेगी। आयोजन कर्ताओ ने बताया कि लगभग ५५० वर्षों की कठिन प्रतिज्ञा हजारों भक्तों के बलिदान एवं संघर्ष के बाद २२ जनवरी २०२४ को प्रभु श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जो कुटिया से अपने महल में श्रीराम विराजमान होंगे। इस उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत वर्ष श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दीपोत्सव की तरह मनाने जा रहा है। उत्सव की इस घड़ी में सर्व हिंदू समाज,ग्रामीण जन,युवाओं, व्यापारियों के द्वारा खैरलांजी की पावन धरा पर उक्त धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सर्व ब्राहम्ण समाज की महिलाओं ने किया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। सर्व ब्राहम्ण समाज के द्वारा रविवार को श्रीराम जन्मभुमि अयोध्या में आराध्य श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा विषय को लेकर श्री परशुराम भवन में महाआरती की गई। सर्व ब्राहम्ण समाज अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया की प्रथम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह अयोध्या में प्रभू श्रीराम की नूतन मंदिर में भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के द्रष्टिगत रविवार को परशुराम भवन में दोपहर समय में महिला समिति की ओर से हल्दी कूंमकूंम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधि विधान से यह कार्यक्रम संपन्न कर महिलाओं ने अपने अपने सुहाग के लिये लंबी आयु की कामना की। पश्चात भगवान परशुराम और भगवान श्रीराम जी की महाआरती कर राम स्तुति का पाठन किया गया। साथ ही विशाल भगवा ध्वज का ध्वजारोहण कर जय जय श्रीराम के जयघोष लगाकर अपनी भक्तिभाव को प्रदर्शित किया गया। वहीं समाज के वरिष्ठ श्रीरंग देवरस ने कहा की हम श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे है। कई जन्मों के पुण्यों का यह फल है हमारी पीढ़ियों के ५ सौ साल के संघर्षों का एक बड़ा प्रतिफल हमे दिव्य मंदिर के रूप में मिलने जा रहा है। बलिदान देने वाले कार सेवकों में हमारे समाज के लोग भी शामिल हुये है। हमारे समाज की अनेको माताओं ने अपने बच्चो को खोया है हमारा समाज अग्रणी रूप से देखा जाता है। अत देश का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। इस दौरान श्रीमती पूनम झॉ, किरण शर्मा,यामिनी त्रिवेदी, रीता मिश्रा, किरण दुबे, प्रीति मिश्रा, तुलसी शर्मा, नीतू मिश्रा, अर्चना चौबे ,प्रियंका शर्मा, भारती आड़े ,संदीप मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, सुधीर शर्मा, अनिश मिश्रा, मनीष मिश्रा, महेन्द्र मिश्रा, शरद दुबे , आकाश चैबे, समीर शुक्ला, वरुण त्रिवेदी, दीपक आड़े, रत्नेश मिश्रा, संतोष आड़े, अनुराग तिवारी, निहाल मिश्रा, शुभम शर्मा, सत्यम शर्मा, प्रमोद शुक्ला, वीरेंद्र दुबे, राजकुमार शर्मा, संजय चौबे, अरुण शर्मा, राजेश मिश्रा, प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

सार्वजनिक सप्ताह मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा

हट्टा(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा एवं हमारे हट्टा के भव्य सप्ताह मंदिर मे आगामी 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को कलश यात्रा सुबह 8 बजे, सुदर काण्ड सुबह 11 बजे, हवन पूजन दोपहर 1 बजे तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सभी से निवेदन है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुँच कर पुन्य लाभ अर्जित करे।

राजस्व विभाग ने किया अखंड रामायण पाठ का आयोजन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के आदेशानुसार राजस्व विभाग कटंगी की ओर से एसडीएम कार्यालय परिसर के बगल में जनपद कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन करवाया गया. शनिवार की शाम पाठ का आयोजन शुरू किया गया था. रविवार को हवन पूजन और भंडारे के साथ पाठ का समापन किया गया. एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, तहसीलदार छपि पंत सहित राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने मंदिर परिसर में आयोजित रामायण पाठ में हिस्सा लिया. बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होनी है इस अवसर पर देश भर में विविध आयोजन हो रहे है. मध्य प्रदेश सरकार के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी कर विभिन्न आयोजन करवाने कहा है. इसी क्रम में कटंगी में राजस्व विभाग ने रामायण पाठ का आयोजन करवाया ।

अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर बड़गांव आमगांव मे आनंद उत्सव का आयोजन

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में भगवान श्रीराम लला सरकार के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होगा इस एतिहासिक अवसर पर अयोध्या सहित देश भर में कई कार्यक्रम भी हो रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम मंदिर प्रांगण बड़गांव आमगांव में विराजित प्रभू श्रीराम दरबार का अभुतपूर्व आनंद उत्सव मनाया जायेगा और मंदिर के सामने 108 किलो का महाधनुष निर्माण किया जाएगा, इसी के साथ हर घर में श्रीराम जी के झण्डे होंगे 22 जनवरी को गांव भगवाधारीमय हो जायेगा, इस दिन श्रीराम मंदिर में सभी घर से पांच दिए और आरती लेकर श्रीराम लला के प्रांगण में उपस्थित होंगे। दोपहर 12 बजे से कलश शोभा यात्रा झांकी के साथ श्रीराम मंदिर बड़गांव से श्री हनुमान मंदिर आमगांव तक डीजे, रथ एवं आतिशबाजी के साथ, शाम 3 बजे से कथा हवनपुजन, शाम 6 बजे से महाआरती 1008 दीपो के साथ, शाम 6.30 बजे से प्रसादी एवं संपूर्ण नगर भोज, रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक श्रीराम भजन गीत संध्या महंत श्री माधोदास जी (नोखा राजस्थान द्वारा) संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु भक्त अपना तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील समस्त बड़गांव आमगांव वासियों ने की है।

भाई बहन का शासकीय विभाग में हुआ चयन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के लालबर्रा विकासखंड से लगभग दो किलोमीटर कि दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत औल्याकहार में भोजराज कटरे के पुत्र व पुत्री का शासकीय सेवा में चयन हुआ है। जानकारी अनुसार श्री कटरे लोकनिर्माण विभाग (सेतु) बालाघाट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा विगत दिनों पूर्व ही उनके पुत्र विशाल कटरे सहायक ग्रेड-3 रक्षा लेखा नियंत्रक जबलपुर व कुमारी नीतू कटरे का एसडीओ जलसंसाधन विभाग मप्र में चयन हुआ है। बताया गया कि नीतु कटरे की पढ़ाई के प्रति अलग ही रुचि थी। वह वर्तमान में सीडब्ल्यूसी औरंगाबाद महाराष्ट्र में जेई के पद पर अपनी सेवाएं दे रही है। भाई-बहन की सफलता पर ग्राम में हर्ष का माहौल है। प्रेस से चर्चा करते हुए ग्राम सरपंच श्रीमती प्रेमलता ओम प्रकाश बिसेन ने बताया कि छोटे से गांव में एक साथ दो लोगों का शासकीय सेवा में चयन होना वह भी एक ही परिवार से यह गांव के लिए बहुत ही गर्व कि बात है। इससे गांव में निवास करने वाले अध्यनरत विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी साथ ही पंचायत के द्वारा इनका 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सम्मान किया जायेगा। अंत में सरपंच श्रीमती प्रेमलता बिसेन, चेयरमैन औल्याकहार फिजिकल क्लब ओपी बिसेन तथा अन्य ग्रामीणजनों ने श्री कटरे के परिवार को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की।

गुडरू में हुआ विधिक जागरूकता व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेशचन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को ग्राम पंचायत गुडरू में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिला न्यायाधीश व सचिव श्री आफिस अब्दुल्लाह ने बताया कि भारत का संविधान महिलाओ को समानता का दर्जा प्रदान करता है। परन्तु हमारे देश में घटित होने वाले अपराधो का विश्लेषण करे तो स्पष्ट होता है कि महिलाओं से संबधित अपराधो में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कठोर से कठोरतम कानून बनाए गए है। उन्होंने लोकपयोगी सेवाओं के लिए लोक अदालत, प्रि-लिटिगेशन मीडिएशन एवं अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में भी उपस्थित ग्रामीणजन को जानकारी दी। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा की बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। यह हममें आत्म विश्वास विकसित करने के साथ ही हमारे व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायता करती हैं। साथ ही निशुल्क विधिक सहायता योजना, साइबर अपराध से बचने के उपाय एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे भी उपस्थित ग्रामीणजनो को अवगत कराया। शिविर में उपस्थित बंसत डहाके चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा डिफेंस काउंसिल योजना एवं चंद्रेश नागेश्वर द्वारा मानव अधिकार विषय पर ग्रामीणजनों को जानकारी दी गई। साथ ही डिफेंस काउंसिल द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। जागरूकता शिविर के साथ ही आयुष विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया था। जिसमें ग्रामीणजनो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयां वितरित की गई तथा नालसा व सालसा के योजनाओं के पर्चे भी वितरित किये गये। शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती देवेश्वरी बघेले, ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती नजमुन निशा व ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, आयुषविभाग के चिकित्सकगण, ग्रामीणजन व छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

पाक ने न्यूजीलैंड को अंतिम टी20 में हराया, मेजबानों ने 4-1 से सीरीज जीती

एडीलेड। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रनों से हराकर सीरीज में पहली जीत दर्ज की है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक टीम ने 8 विकेट पर 134 रन बनाए थे। इफ्तिखार अहमद ने तीन जबकि शाहीन अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम 17.2 ओवर में केवल 92 रन ही बना पायी। इस प्रकार न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की ये सीरीज 4-1 से जीत ली है। पाक टीम पहले चार मैच हारी थी। पाक टीम इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल 134 रन ही बना पायी थी। मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 33 रन बनाये। वहीं पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 13 रन बनाए। शाहिब जादा फरहान ने 19 रन बनाये। अंत में अब्बास अफरीदी ने 14 रन बनाकर टीम को 134 रन तक पहुंचाया। इसके बाद पाक गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीवी टीम को सौ रनों के अंदर ही समेट दिया।

बाबर, रिजवान की अच्छी बल्लेबाजी के बाद भी लगातार हार रही पाक टीम

सिडनी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रदर्शन लगातार नीचे जा रहा है। एकदिवसीय विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के कप्तान से लेकर कोच और चयनकर्ता भी बदल गये हैं पर उसकी हालत में सुधार नहीं आ रहा है। पाक टीम को ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी हार का सामना करना पड़ा है। जून में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले पाक टीम की इस हार से प्रशंसक भी निराश हैं। टीम को ये हार तब मिल रही है जब अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अच्छे फार्म में है, जिससे टीम की चिन्ताएं और बढ़ गयी हैं।

टी20 प्रारुप में टीम की कप्तानी टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को दी गयी थी। 5 मैच की टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड ने लगातार तीन जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली। चौथे टी20 में पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद रिजवान ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह टीम की हार को नहीं टाल पाये। रिजवान ने 63 गेंद में 90 रन बनाये। इसके बाद भी कीवी टीम ने जीत दर्ज कर ली। शाहीन ने इस मुकाबले में मेजबान टीम के शुरुआती बल्लेबाजों को जल्द आउट कर दिया पर इसके बाद डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस सीरीज में बाबर आजम ने हालांकि अच्छी बल्लेबाजी की और तीन अर्धशतक लगाये पर एक भी मैच में टीम नहीं जीत पायी।

रणजी ट्रॉफी : जगदीशन के दोहरे शतक से तमिलनाडु का विशाल स्कोर

कोयंबटूर। नारायण जगदीशन के नाबाद 248 रनों की सहायता से तमिलनाडु ने रणजी ट्रॉफी में रेलवे के खिलाफ दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 489 रन बनाये। दूसरे दिन 5 विकेट पर 286 रन से आगे खेलने उतरे जगदीशन ने 45 रन और बनाकर प्रथम श्रेणी में अपना दोहरा शतक पूरा किया और टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं इसके बाद खेलते हुए रेलवे ने 126 रनों पर ही दो विकेट खो दिये थे। रेलवे की ओर से आकाश पांडे ने 3 विकेट लिए। स्पंप तक रेलवे की ओर से प्रथम सिंह ने 76 रन बनाये। रेलवे की पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज शिवम चौधरी 16 और विवेक सिंह 11 रनों पर ही आउट हो गये। वहीं एक अन्य मुकाबले में गोवा की टीम कर्नाटक के खिलाफ अपनी पहली पारी में 321 रन पर ही आउट हो गयी। इसके बाद कर्नाटक ने मयंक अग्रवाल के 114 और देवदत पडीक्कल के 101 रनों की सहायता से स्टंप तक 4 विकेट पर 251 रन बनाये।

गोवा की ओर से अर्जुन तेंदुलकर ने 53 रन बनाये। वहीं स्नेहल कौथांकर ने सबसे अधिक 83 रन बनाये। वहीं विजयकुमार विशाक, एम वेंकटेश और रोहित कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। एक अन्य मुकाबले में गुजरात ने चंडीगढ़ के खिलाफ दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 86 रन बना लिए। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था। गुजरात के दो खिलाड़ी 19 रनों के अंदर ही आउट हो गये। जगजीत सिंह ने सलामी बल्लेबाज प्रियांक पंचाल को 5 और उर्विल पटेल को 14 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया।

टी20 विश्व कप के लिए 20 खिलाड़ियों का चयन किया- शाहीन

काइस्टचर्च। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने कहा है कि जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम का चयन कर लिया गया है। शाहीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के समाप्त होने के बाद ये बात कही। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए हमने 16 से 20 खिलाड़ियों का चयन किया है। पाक को कीवी टीम के खिलाफ सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है हालांकि उसे अंतिम मैच में जीत मिली थी। अंतिम मैच में इफ्तिखार अहमद ने धीमी गति से अच्छी गेंदबाजी की। शाहीन ने इफ्तिखार के प्रदर्शन की भी जमकर प्रशंसा की। शाहीन ने मैच के बाद कहा, इफ्तिखार बहुत अनुभवी खिलाड़ी है और वह हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता है पर हम हर किसी को अवसर देना चाहते थे, इसलिए हम इस सीरीज में युवाओं को अवसर देने की योजना बना रहे थे।

भारत दौरे के लिए अपनी रक्षात्मक तकनीक को बेहतर बनाए इंग्लैंड - पीटरसन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि भारत दौरे पर टीम को अपने रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर बनाना होगा। इसके लिए टीम को नेट्स पर अधिक समय बिताना होगा। पीटरसन के अनुसार 2012-13 के भारत दौरे पर उन्होंने नेट्स पर काफी अभ्यास किया था और इसी कारण वह बेहतर बल्लेबाजी कर पाये थे। पीटरसन ने उस दौरे के दूसरे टेस्ट में 233 गेंदों में 186 रन बनाए थे। उनकी उसी पारी के कारण इंग्लैंड टीम सीरीज जीतने में सफल रही थी। पीटरसन ने अपने दौर को याद करते हुए कहा कि मैं जो रूट, जॉनी बेयरस्टो हर समय नेट्स पर अपनी रक्षात्मक तकनीक को बेहतर बनाने पर काम करते थे। हम फ्रंटफुट पर नहीं खेलते हुए हर गेंद को आफ साइड पर खेलने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि रक्षात्मक खेलना कोई गलती है। इसी के मजबूत होने पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। स्ट्रेट खेलना और फ्रंटफुट आगे नहीं लाते हुए गेंद का इंतजार करना सब बहुत जरूरी है। पीटरसन ने भारतीय टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गेंद दूसरा को काफी अच्छी तरह से खेला था। उन्होंने कहा कि मैंने अश्विन की दूसरा को कैसे खेलना है से सीख लिया था। वह अपने रनअप की शुरुआत से पहले ही गेंद से एक्शन बना लेता है। वह एक ऑफ स्पिनर की तरह गेंद हाथ में लेकर नहीं दौड़ता और बाद में इसे बदलकर दूसरा फेंकता है। मैंने उसकी इस गेंद पर कई बार शॉट खेले थे। वहीं रविन्द्र जडेजा को लेकर कहा कि वह मुरलीधरन या शेन वॉर्न जैसी गेंदबाजी नहीं करते हैं। वह एक ही तरीके से गेंदबाजी करते हैं , इसलिए उनका सामना करने में डरने की जरुरत नहीं है।



भारतीय पहलवान रवि दहिया ने फ्रांस में कांस्य जीता

कजाकिस्तान के अमिरतायेव को 10-4 से हराया

नीस । भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्रेल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहने के साथ ही कांस्य पदक हासिल किया। ओलंपिक पदक विजेता रवि कुमार ने फ्रांस में हुए इस मुकाबले में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में ये कांस्य पदक जीता। दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव को 10-4 से हराया।

इस मुकाबले में दहिया पहले मिनट में 2-4 से पीछे हो गये थे पर उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले दहिया ने 16वें दौर में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जर्मनी के जुलियन जुन्सिर को हराया था। वहीं उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से पराजित किया पर उन्हें सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

दहिया ने काफी समय के बाद कोई मुकाबला खेला है। उन्होंने अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लिया था। इसके बाद अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लग गयी थी जिसके बाद वह अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में शामिल नहीं किये गये थे। इसके अलावा वह पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग मुकाबले विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाये थे।

भारत-बांग्लादेश अंडर-19 विश्व कप में भिड़े खिलाड़ी

ब्लोमफोंटेन। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पहले अंडर 19 विश्व कप मुकाबले में जीत के साथ शुरुआत की है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। जहां कप्तान उदय सहारन और ओपनर आदर्श सिंह ने बल्लेबाजी के दौरान अर्धशतक लगाये। वहीं सौम्य पांडे की स्पिन के सामने बांग्लादेशी बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इस मैच में भारत और बांग्लादेश के खिलाड़ियों के बीच विवाद भी हुआ।

भारतीय कप्तान उदय की मैच के दौरान बांग्लादेशी खिलाड़ियों के साथ बहस भी हुई जिसे किसी प्रकार मैदानी अंपायरों ने शांत किया।

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआत में ही दो विकेट खो दिये थे। भारतीय कप्तान उदय जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो 25 ओवर के दौरान उनकी बांग्लादेशी गेंदबाज आरिफुल इस्माम से बहस हो गयी।

इसका जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि बांग्लादेशी गेंदबाज किसी बात पर भड़क उठा जिसका भारतीय टीम के कप्तान ने भी करारा जवाब दिया। इस दौरान बांग्लादेश के कप्तान माहफुजुर रब्बी के अलावा एक अन्य बांग्लादेशी खिलाड़ी भी इस बहस में शामिल हो गया। ऐसे में भारतीय कप्तान ने विरोधी टीम के खिलाड़ियों को फटकारते हुए कहा कि वे मैच पर ध्यान दें तो ज्यादा बेहतर रहेगा। इसके बाद अंपायर ने हस्तक्षेप कर मामला सुलझाया।

भारतीय टीम के साथ रहूंगी या नहीं कह नहीं सकती ~ कोच शॉपमैन

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच जेनेके शॉपमैन ने कहा है कि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद उनका भविष्य क्या होगा। ये वह नहीं जानती। भारतीय टीम एफआईएच क्वालीफायर में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में जापान से 0-1 से हार गयी, इससे भारतीय टीम का पेरिस ओलंपिक खेलने का सपना टूट गया है क्योंकि इस टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को ही ओलंपिक टिकट मिलना था। उनका अनुबंध पेरिस ओलंपिक तक था और भारतीय टीम की क्वालीफायर मुकाबलों में हार से तय है कि उनका अनुबंध शायद ही बढ़ाया जाये।

नीदरलैंड की शॉपमैन ने कहा, "मुझे लगता है कि हम जर्मनी से मिली हार के बाद मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। हमने रक्षण में भी अच्छी शुरुआत नहीं की और ऐसा कभी कभी हो जाता है पर हमने संघर्ष पूर्ण खेल दिखाया, शुरू में गोल होने के बाद भी हमने पूरे मैच में हमले कर दबाव बनाया।" उन्होंने कहा, "हमें अपने प्रयासों को गोल में बदलने की जरूरत थी जिसमें हम विफल रहे, हम ऐसा क्यों नहीं कर सके इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है। अगर होता तो मैं खेल के दौरान ही उन्हें जवाब दे देती।"वहीं भारतीय टीम में उनके भविष्य को लेकर उन्होंने कहा, "मैं इसके बारे में नहीं जानती।"

अकरम ने विराट को इस सदी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया

सचिन से नहीं हो सकती तुलना

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें इस सदी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया है। अख्तर ने पर कहा कि विराट की तुलना सचिन तेंदुलकर से नहीं हो सकती।

अख्तर ने कहा कि अगर विराट सचिन तेंदुलकर के दौर में होते तो उन्हें दुनिया में कई महान गेंदबाजों का सामना करना पड़ता।

वहीं आज के दौर में अगर सचिन होते तो और भी ज्यादा रन बनाते। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी में रिकी पोंटिंग, ब्रायन लारा, इंजमाम उल हक जैसे खिलाड़ी उस दौर में थे। इसलिए उस दौर के खिलाड़ियों की तुलना इस दौर से नहीं की जा सकती। तब शेन वॉर्न और वसीम अकरम जैसे घातक गेंदबाज थे। वसीम को खेलना भी आसान बात नहीं थी। इसलिए तक के दौर की तुलना आज से नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि कोहली इस युग के सबसे महान बल्लेबाज हैं। अख्तर ने कहा कि मैं चाहता हूं कि वह 100 शतक बनाएं। कोहली ने सभी प्रारूपों में अभी 80 शतक बनाए हैं और वह तेंदुलकर के 100 शतकों के रिकॉर्ड से 20 ही कम हैं उन्होंने कहा कि उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता था, लेकिन उन्होंने अब तक जितने रन बनाए हैं वह उतने ही रन बना पाते।

भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए हैरी

लंदन। इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रूक भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार हैरी ने निजी कारणों से भारत के खिलाफ पांच मैच की सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है और वह स्वदेश लौट गये है। ईसीबी ने कहा कि ऐसे में 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली सीरीज के पहले टेस्ट के लिए हैरी की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल किया जाएगा। हैरी भी अभ्यास शिविर के लिए टीम के साथ अबुधाबी पहुंचे थे। साथ ही कहा कि उनकी जगह किसी अन्य क्रिकेटर को शामिल किये जाने की घोषणा शीघ्र की जाएगी। ब्रूक ने साल 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से शुरुआत की थी। उन्होंने अपना अंतिम मैच जुलाई 2023 में ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

टी20 विश्व कप में खेलेंगे कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क - मैकडोनाल्ड्स

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने कहा है कि आगामी टी20 विश्व कप में तेज गेंदबाज पैट कमिंस,जोश हेजलवुड ओर मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ियों के खेलने की पूरी संभावना है। मैकडोनाल्ड्स के अनुसार हाल में हुई टेस्ट सीरीज में कमिंस, हेज़लवुड और स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की है। इससे ये साफ हैं कि ये खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं। मैकडोनाल्ड्स के अनुसार उनकी टीम जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अपनी तैयारियों की समीक्षा करेगी।

उन्होंने कहा कुछ खिलाड़ी इस सीरीज में खेल पायेंगे और कुछ नहीं पर हम पूरी ताकत से उतरेंगे। उन्होंने कहा कि टी20 विश्वकप से पहले हमारे पास छह मैच हैं। इस समय विश्व कप की बहुत सारी योजनाएँ बनाई जा रही हैं पर हम न्यूजीलैंड सीरीज में पूरी ताकत से उतरेंगे।

इससे पहले चयनकर्ताओं ने टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करते हुए कार्यभार संबंधी चिंताओं पर विचार किया था। विशेष रुप से कमिंस और स्टार्क के आईपीएल में भाग लेने को लेकर । ऐसे में कुछ अहम खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है। हेज़लवुड को दोनों टी20 श्रृंखलाओं में प्रमुखता से शामिल किए जाने की संभावना है। टीम का लक्ष्य कमिंस, हेज़लवुड और स्टार्क की तिकड़ी को टी20विश्वकप में बनाये रखना है।

वहीं डेविड वार्नर, टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस विभिन्न टी20 लीगों से वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। टी20 विश्व कप में कमिंस की जगह किसी और को कप्तानी मिल सकती है। सबसे प्रमुख दावेदार मिचेल मार्श हैं। उनकी कप्तानी में टीम को दक्षिण अफ्रीका में जीत मिली थी।

कोको ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

मेलबर्न। अमेरिका की कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। गॉफ ने महिला एकल मुकाबले में ना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। कोको ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में मैग्डेलेना को 6-1, 6-2 से हराया। अब कोको का मुकाबला यूक्रेन की माटर कोस्त्युक से होगा। वहीं पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची कोस्त्युक ने क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराया था। वहीं कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को बनाये रखा है।

एसए20 में सनराइजर्स ने डरबन को हराया, क्लासेन ने लगाया सबसे बड़ा छक्का

डरबन। डरबन सुपर के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने एसए20 में खेलते हुए इस लीग में अब तक का सबसे बड़ा छक्का लगाया है। क्लासेन के शॉट से गेंद स्टेडियम से बाहर चली गयी। हेनरिक ने इससे पहले सनराइजर्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी। हेनरिक ने 17 गेंदों पर में ही 3 छक्कों की सहायता से 31 रन बनाए थे। इसके बाद भी उनकी टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए डरबन ने 159 रन बनाये जिसे सनराइजर्स ने ट्रिस्टन स्टब्स के 66 रनों की मदद से आसानी से हासिल कर लिया।

इस मुकाबले में डरबन सुपर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी बल्लेबाज क्रींटन डीकॉक 7 और स्मटस 9 रन बनाकर आउट हो गये पर सलामी बल्लेबाज ब्रीट्ज़के ने तेजी से 35 रन बनाए। इसी दौरान हेनरिक ने तीन छक्कों की सहायता से 31 रन बनाए। वहीं मध्यक्रम में वियान मुल्डर ने 29 तेजी से 52 रन बनाकर टीम को संभाला। अंत में प्रियटोरियस ने पर 23 रन बनाकर स्कोर 159 तक पहुंचा दिया। वहीं सनराइजर्स की ओर से हार्मर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज दाविद मान 2 और टॉम एबेल 1 रन ही बना पाये। इसके बाद जॉर्डन हरमन ने कप्तान ऐडन मारक्रम के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। मारक्रम ने 38 जबक हरमन ने 26 गेंदों पर 25 रन बनाए। जीत में सबसे अहम भूमिका स्टंब्स की रही जिन्होंने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए।

कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक बालाघाट
जिला बालाघाट (म.प्र.)
Email.cspbalaghat-bgt@mppolice.gov.in, फोन कार्या- 07632-247200

क्रमांक- नपुअ/बाला/रीडर/56 -ए/2024 दिनांक 09.01.2024

विज्ञप्ति

पुलिस मुख्यालय, म.प्र. भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार जिला बालाघाट के सभी थाना क्षेत्रों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाना है अनुविभाग बालाघाट अंतर्गत थाना कोतवाली, भरवेली एवं नवेगांव (ग्रामीण) की सीमाओं का भी युक्तियुक्तकरण किया जाकर पुनः निर्धारण किया जाना है। अतः बालाघाट के समस्त नागरिको से अनुरोध है कि, व्यवसायिकता एवं उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए अपने अमूल्य सुझाव नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय,बालाघाट मे दिनांक 24.01.2024 से पूर्व प्रदाय करने का कष्ट करे।

"सादर सूचनार्थ"

नगर पुलिस अधीक्षक
बालाघाट (म.प्र.)

जी- 23192/23

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला—बालाघाट (म.प्र.)
07632-241099(Office) ,E-Mail-cmhobal@mp.nic.in,Visit us at www.mp.gov.in/health

क्रमांक/निविदा/2023/391 बालाघाट, दिनांक : 16 जनवरी 2024

:: निविदा सूचना ::

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत बालाघाट जिले में संचालित समस्त कार्यालय एवं समस्त चिकित्सा संस्थाओं यथा—जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स आदि के लिए वर्ष 2024—25 के लिए https://www.mptender.gov.in/ के माध्यम से विभिन्न प्रवर्गों में जिला स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाना है।

प्रवर्ग क्रमांक	प्रवर्ग का प्रकार	निविदा प्रपत्र का मूल्य (ऑनलाईन भुगतान)	EMD राशि (रू.) (ऑनलाईन भुगतान)
प्रवर्ग एक	साफ—सफाई	रू. 1000.00	रू. 1,00,000.00
प्रवर्ग दो	सुरक्षा	रू. 1000.00	रू. 1,00,000.00
प्रवर्ग तीन	आउटसोर्स मानव संसाधन	रू. 1000.00	रू. 1,00,000.00
प्रवर्ग चार	मोबिलिटी सर्पोट (वाहन)	रू. 1000.00	रू. 1,00,000.00

टेण्डर डॉक्यूमेन्ट में उल्लिखित शर्तों का जिला निविदा/क्रय समिति तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन किये जाने के उपरांत उसे अवलोकन वेब साईट https://www.mptender.gov.in में किया जाकर टेण्डर डॉक्यूमेन्ट अपलोड किया जा सकता है। उपरोक्त प्रवर्ग हेतु निविदाएं (टेक्नीकल बिड एवं दर बिड अलग—अलग लिफाफे में) प्रस्तुत करना होगा।

1. अमानत राशि मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी/सदस्य—सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट के बैंक खातें में ऑनलाईन देय होगी।
2. प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अलग—अलग राशि का EMD संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जावेगा।
3. ऑनलाईन निविदा प्रकाशन की संभावित तिथि : 22 जनवरी 2024 अपराह्न 3:00 बजे है
4. जिला निविदा/क्रय समिति की प्री—बीड मिटिंग : 29 जनवरी 2024 दोपहर 12:30 बजे है
5. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र वेबसाईट से क्रय/डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय — 12 फरवरी 2024 दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित है
6. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर जमा/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय — 12 फरवरी 2024 सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है
7. ऑनलाईन प्रस्तुत निविदा एवं संलग्न अभिलेखों की हार्डकॉपी की प्रमाणित प्रति कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी 2024 सायं 5:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
8. निविदा की तकनीकी बीड ऑनलाईन खोलने की संभावित तिथि — 14 फरवरी 2024 दोपहर 12:30 बजे निर्धारित है
9. तकनीकी बीड के जिला निविदा/क्रय समिति द्वारा परीक्षणोपरांत अनुसशां पर कलेक्टर/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरांत पात्र निविदाकारों की वित्तिय बीड ऑनलाईन खोलने की संभावित तिथि — 19 फरवरी 2024 दोपहर 12:30 बजे निर्धारित है
10. दर बिड निविदाएं निविदाकार स्वयं अथवा उनके अधिकृत केवल एकप्रतिनिधि के समक्ष जिला क्रय समिति द्वारा खोली जा सकती है। निविदाकार के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किये जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

एक से अधिक निविदाकारों द्वारा एक समान वित्तिय दर अंकित किये जाने की स्थिति में जिला निविदा/क्रय समिति की अनुसंशा एवं कलेक्टर/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट के अनुमोदन उपरांत लिगांग में वर्तमान में सफलतम सेवाएं प्रदान कर रहे निविदाकार (निविदा में सम्मिलित होने की स्थिति में) को प्राथमिकता दी जावेगी। स्थानीय निविदाकारों को प्राथमिकता दी जावेगी। किसी भी असफल निविदाकार द्वारा निविदा प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के संबंध में किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत आक्षेप लगाये जाने की स्थिति में जांचोपरांत लगाये गये आरोप सत्य प्रमाणित ना पाये जाने पर संबंधित निविदाकार को विभाग द्वारा भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली समस्त निविदाओं के लिये सदैव के लिये विचारार्थ से पृथक कर दिया जावेगा। निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला क्रय समिति का होगा।

(डॉ.मनीषा पाण्डेय)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला—बालाघाट (म.प्र.)

जी- 23211/20

गूंजा हर हृदय में सांस्कृतिक नवजागरण का संदेश
प्रभु श्रीराम के स्वागत में प्रफुल्लित, श्रद्धावनत मध्यप्रदेश

दीर्घ प्रतीक्षित शुभ दिन से साक्षात्कार आज

श्री रामलला की जन्मभूमि अयोध्या के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा

अपराह्न 12 : 20 बजे



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रभु श्रीराम की तपोभूमि मध्यप्रदेश की ओर से हर भारतवासी को
अनंत शुभकामनाएं

इस दुर्लभ ऐतिहासिक अवसर पर आइए
घर-घर दीप जलायें, राम धुन गाएं
प्राण-प्रतिष्ठा के सजीव प्रसारण के जरिए
प्रभु श्रीराम के दर्शन का लाभ उठाएं

"आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरा देश भक्तिभाव में सराबोर है। आइए, हम सब मिलकर आज के दिन को अमर बनाएं। सांस्कृतिक अभ्युदय का उत्सव मनाएं"

– डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

D11176/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

आज प्रज्वलित किए जाएंगे 1 लाख 11 हजार 111 रामज्योत

दीपावली की तरह शहर को सजाकर होंगे विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन, नगर में रामज्योत का होंगा सबसे बड़ा आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पूरे देश सहित विश्व के कई देशो में 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल है, ऐसे में सामाजिक लोग भी बढ़-चढ़कर इस उत्सव में अपनी भूमिका निभा रहे है।देश के साथ ही जिले में भगवान रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महोउत्सव का माहौल है, दीपावली की तरह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सर्वसमाज और सर्व धर्म के लोग बढ़-चढ़कर, रामकाज में अपनी भूमिका निभाने आतुर दिखाई दे रहे है। इसी कड़ी में जिले में रामज्योत का सबसे बड़ा आयोजन करने जा रहे राष्ट्रीय विचार मंच ने अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को रामराज्य की स्थापना बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी का देश को रामराज्य बनाने का सपना प्रधानमंत्री मोदी जी के माध्यम से होने जा रहा है। जिन्होंने कल 22 जनवरी की शाम नगर के आंबेडकर चौक से लेकर हनुमान चौक तक 1,11,111 दिए प्रज्वलित करने, और प्रांत प्रतिष्ठा को दीपावली पर्व की तरह मनाने की बात कहते हुए, प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने की बात कही है यह तमाम जानकारी राष्ट्रीय विचार मंच द्वारा रविवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दी गई।

कारसेवकों का किया गया सम्मान

नगर के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय विचार मंच ने अयोध्या राममंदिर के लिए प्रारंभ किए गए कारसेवा अभियान में जिले से कारसेवक के रूप में 06 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस में भूमिका निभाने वाले कारसेवक श्रीमती लता एलकर और लिंगा निवासी भरतलाल पिता शिवलाल मेढेकर का सम्मान किया गया। इस दौरान महेश खजांची, अभय सेठिया, महेन्द्र सुराना, डॉ. बी.एम. शरणागत, राजेन्द्र शुक्ल, अभय कोचर, गोपाल आडवानी, श्रीमती मीना चावड़ा, अमसिंह ठाकुर, मोहन आचार्य सहित अन्य ने जिले की जनता से 22 जनवरी को सायंकाल आंबेडकर चौक से हनुमान चौक तक होने वाले रामज्योत प्रज्जलवन कार्यक्रम में रामभक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की विनंती की है।

5 शताब्दी के संघर्षो का परिणाम है प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम- रमेश रंगलानी

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय विचार मंच संरक्षक रमेश रंगलानी ने बताया कि 5 शताब्दी के संघर्षो का परिणाम है कि अयोध्या में भगवान रामलला अपने भव्य मॉदिर में विराज रहे है। 22 जनवरी का दिन सबसे बड़ा दिन है, जिस बड़े दिन को राष्ट्रीय विचार मंच ने महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। जिसमें एक लाख 11 हजार 111 रामज्योत को प्रज्जलवित किया जाएगा। जिसमें स्कूली बच्चों के साथ ही सर्वधर्म और सर्वसमाज के लोग इसमें शामिल होंगे। जिसके बाद रात्रि में आसमान में भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित होकर आनंद और समर्पण को प्रगट करें-सत्यनारायण अग्रवाल

आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न जानकारियो से अवगत कराते हुए भाजपा अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने लोगों से अपील की है वे अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनकर रामज्योत के रूप में अपने आनंद और समर्पण को प्रगट करें। जिन्होंने सामाजिक बंधुओ से 22 जनवरी को नगर में आयोजित रामज्योत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

महात्मा गांधी के रामराज्य के सपने को पूरा करने का दिन है- लता एलकर

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय विचार मंच की संयोजिका और कार सेवक रही श्रीमती लता एलकर ने बताया कि अयोध्या में 06 दिसंबर को ध्वस्त की गई बाबरी मस्जिद की वह प्रत्यक्षदर्शी रही है, उस समय कारसेवक के रूप में हर किसी का सपना था कि अयोध्या में ढहाए गए ढांचे के स्थल पर भगवान राम का भव्य मॉदिर निर्माण हो और यहां भगवान रामलला विराजे। 22 जनवरी को वह सौभाग्य आ रहा है जब एक कारसेवक के रूप में अयोध्या में भगवान राममॉदिर में रामलला को विराजमान होते हुए हम देखेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय विचार मंच ने जिस अनुपम एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रामज्योत जलाने का जो कार्यक्रम निर्धारित किया है।उसमें सनातनी, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ ही राजनैतिक दलों की भागीदारी हो रही है। निश्चित ही 22 जनवरी का दिन महात्मा गांधी के रामराज्य के सपने को पूरा करने का दिन है, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के माध्यम से हो रहा है।

भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर दुल्हन की तरह सजाया गया शहर

भगवा झंडे, तोरन और आकर्षक लाइटिंग रही मुख्य आकर्षण का केंद्र



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लंबे संघर्षो और इंतजार के बाद 22 जनवरी को वह दिन आ रहा है, जब अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मॉदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होंगी। जिसको लेकर विश्व के साथ ही देश में धर्म की जय-जयकार का घोष जोश और जज्बे के साथ सुनाई दे रहा है। भगवान रामलला के अयोध्या में विराजने का उल्लास, चहुंओर जनमानस में दिखाई दे रहा है। इस अविस्मरणीय दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी बालाघाट नगरी धर्ममय हो गई और रामभक्त, प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में परस्पर आमंत्रण देने में जुटे है। वही इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है तो वहीं नगर के विभिन्न चौक चौराहों व मार्गो में आकर्षक लाइटिंग की गई है वहीं पूरे शहर में जगह-जगह भगवा झंडा लगाकर शहर को भगवा किया गया है जिसका खूबसूरत नजारा रविवार की शाम नगर में देखने को मिला। जहां प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए तो वही रैली व आकर्षक झांकियो के माध्यम से भी लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

झाँकी और मंदिर की आकृति रही मुख्य आकर्षण का केंद्र

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विगत दिनों से लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा भजन और कीर्तन कराए जा रहे है।तो वही नगर के विभिन्न चौक चौराहो में की गई सजावट, आकर्षक लाइटिंग, भगवा झंडे, तोरण आदि से नगर, रामनगरी के रूप में दिखाई दे रहा हैं। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर रविवार को नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से निकाली गई वाहन रैली में भगवान राम, माता सीता, भ्राता लक्ष्मण और भक्त हनुमान की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।तो वही काली पुतली चौक में लकड़ी से बनाया गया भगवान राम का मंदिर मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। वही कल सोमवार को होने वाली प्रांत प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और लोग जश्न के माहौल में दिखाई दे रहे हैं।

.अज्ञात कारणों के चलते हमाल ने किया कीटनाशक का सेवन

जिला अस्पताल में यशवंत का चल रहा उपचार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खापा स्थित ओपन कैप गोदाम में हमाली का काम करने वाले एक हमाल ने बीती रात कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक का सेवन करने से उसकी तबीयत खराब हो गई जिसे

उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन करने वाले हमाल का नाम थाना वारासिवनी ग्राम बरबसपुर निवासी 35 वर्षीय यशवंत पिता प्रभु दयाल उईके बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरबसपुर निवासी यशवंत उइके ग्राम खापा ओपन कैंप में हमाली का काम करता है। जिसकी दो बेटियां और एक बेटा है। बताया जा रहा है कि यशवंत शराब पीने का आदी है।रोजाना की तरह शनिवार शाम को भी उसने शराब का सेवन किया था। जो घर पर सबके साथ खाना खाकर घर से कहीं बाहर चला गया था। रात्रि में घर वापस आने के बाद घर के सभी लोग सो गए। उसी दरमियान रात्रि करीब 12 बजे वह खेत मे डालने वाली कीटनाशक दवा हाथ मे लेकर खड़ा था, तभी उसकी पत्नी ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने अपनी पत्नी लता उइके को धक्का देकर गिरा दिया और कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिस पर उसकी पत्नी लता उईके ने यह बात अपने जेठ को बताई।उधर यशवंत की तबीयत खराब हो गई जिसे चक्कर आने लगे जिस पर उनके परिजनों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।जहां उसका उपचार जारी है।हालांकि जसवंत ने ऐसा कदम क्यों उठाया फिलहाल यहां स्पष्ट नहीं हो पाया है।

नगर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लगभग 500 वर्षों की तपस्या के बाद कल 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलाल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिलेवासियों को भी इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण देने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से पूजित अक्षत कलश को बालाघाट जिले में भेजा गया है।जहां इस अक्षत कलश को लेकर रविवार को वार्ड नंबर 13 महाराणा प्रताप नगर गली नंबर 5 से अक्षत कलश यात्रा जय श्री राम के उद्घोष और ढोल नगाड़े के साथ वार्ड भ्रमण के लिए निकाली गई। रविवार की दोपहर इस अक्षत कलश यात्रा को नगर के वार्ड नंबर 13 महाराणा प्रताप नगर की संपूर्ण गलियों में घूमकर घर-घर ले जाया गया। जहां देर शाम वापस गली नंबर 5 में इस अक्षत कलश यात्रा का समापन किया गया। जिसके उपरांत विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।उधर वार्ड नं 13 में आयोजित इस कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जहा उपस्थित जनों ने स्थानीय धर्मावलंबियों के साथ कलश यात्रा निकालकर अयोध्या के राम मंदिर में आयोजित प्रांण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वार्डवासियों को आमंत्रित किया। बताया जा रहा है की रोजाना नगर के अलग-अलग वार्डों में इसी तरह अक्षत कलश यात्रा का आयोजन कर लोगों को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने और 22 जनवरी को वहां रामलाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के किए आमंत्रित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट